**रजौली**। अरवल के सिविल सर्जन डॉ. राजकिशोर प्रसाद पर 17 जुलाई को हुए हमले के विरोध में बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ के आह्वान पर बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल रजौली के चिकित्सकों ने एक दिवसीय कार्य बहिष्कार किया। इसके कारण सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक ओपीडी सेवाएं पूरी तरह बंद रहीं, जिससे दूर-दराज से इलाज कराने पहुंचे कई मरीजों को बिना उपचार लौटना पड़ा। कार्य बहिष्कार के दौरान अस्पताल परिसर में सन्नाटा पसरा रहा। अस्पताल प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. गुलाम अनीष, डॉ. परितोष, डॉ. निवेदिता नंदनी, डॉ. सूरज कुमार, डॉ. श्यामनंदन प्रसाद सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी ड्यूटी पर मौजूद रहे, लेकिन संघ के निर्देशानुसार ओपीडी में मरीजों का इलाज नहीं किया। अस्पताल परिसर में लगाए गए नोटिस के माध्यम से बताया गया कि चिकित्सकों पर बढ़ते हमलों के विरोध, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा दोषियों के विरुद्ध त्वरित और कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर यह कार्य बहिष्कार किया गया है। अस्पताल प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि राज्यव्यापी विरोध कार्यक्रम के तहत ओपीडी सेवाएं स्थगित रखी गईं। हालांकि आम लोगों की सुविधा को देखते हुए आपातकालीन सेवाएं पूरी तरह संचालित रहीं, ताकि गंभीर मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की बाधा न आए।

# सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों के प्रभावी पालन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। डीएम ने जिला परिवहन पदाधिकारी और यातायात पुलिस उपाधीक्षक को राष्ट्रीय राजमार्ग-20 पर अवैध पार्किंग के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एनएच-20 और सर्विस रोड पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध सीमांकन कर संबंधित थाना, अंचलाधिकारी और अतिरिक्त पुलिस बल की सहायता से अभियान चलाया जाए। दुर्घटना संभावित स्थलों एवं सर्विस रोड के समीप आवश्यकता के अनुसार स्पीड ब्रेकर भी बनाए जाएं। उन्होंने एनएच-20 और राज्य पथ के किनारे स्थित पात्र अस्पतालों को प्रधानमंत्री राहत योजना से जोड़ने का निर्देश दिया, ताकि सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को आपात स्थिति में 1.50 लाख तक का निःशुल्क उपचार मिल सके। विद्यालय वाहनों की सुरक्षा की समीक्षा करते हुए डीएम ने सभी स्कूल वाहनों का नियमित निरीक्षण कराने और सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने प्रत्येक वाहन में स्पीड गवर्नर, व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी), पैनिक बटन, जीपीएस और रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप अनिवार्य रूप से लगाने का निर्देश दिया। 14 सीटर से अधिक क्षमता वाले वाहनों में सीसीटीवी कैमरा और प्रशिक्षित परिचारक की व्यवस्था भी अनिवार्य होगी। साथ ही निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों के परिवहन पर पूर्ण रोक लगाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सभी विद्यालय वाहनों के वैध दस्तावेज, विद्यालय से अनुबंध, चालक के पास वैध भारी मोटर वाहन लाइसेंस और कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। नियमों के उल्लंघन पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी रंजीत कुमार ने बताया कि मई से जुलाई 2026 के बीच मोटर वाहन नियमों के उल्लंघन पर 42 विद्यालयों और 62 विद्यालय वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। डीएम ने हिसुआ चौक का संयुक्त निरीक्षण कर सड़क पर अवैध पार्किंग करने वाली बसों और भारी वाहनों के विरुद्ध चालान एवं दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही हिसुआ के नवनिर्मित बस स्टैंड से बसों का परिचालन शीघ्र शुरू कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी रंजीत कुमार, यातायात पुलिस उपाधीक्षक अभिषेक कुमार, अवर जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटरयान निरीक्षक, ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# फुलवरिया डैम व ऋषि स्थलों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी

**रजौली**। रजौली प्रखंड के फुलवरिया जलाशय डैम तथा लोमंच ऋषि और याज्ञवल्क्य ऋषि से जुड़े धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटन मानचित्र पर विकसित करने की दिशा में प्रशासन ने पहल तेज कर दी है। बुधवार को पंचायती राज, पर्यटन तथा कला एवं संस्कृति विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र का विस्तृत सर्वेक्षण किया। सर्वे के दौरान अधिकारियों ने ड्रोन कैमरे से विभिन्न स्थलों की तस्वीरें और वीडियो रिकॉर्ड किए तथा सड़क संपर्क, प्राकृतिक सौंदर्य और आधारभूत सुविधाओं का आकलन किया। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी हरीमोहन कुमार ने बताया कि फुलवरिया डैम और ऋषि स्थलों को राजगीर एवं ककोलात की तर्ज पर विकसित करने की योजना है, ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो सकें। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से भी संवाद किया। पूर्व मुखिया विनय सिंह, समाजसेवी मुन्ना सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि परियोजना के क्रियान्वयन से क्षेत्र के पर्यटन और स्थानीय कारोबार को नई गति मिलेगी।

# रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में डायलिसिस केंद्र शुरू



**रजौली**। नगर पंचायत स्थित 75 शैय्या अनुमंडलीय अस्पताल में अत्याधुनिक डायलिसिस केंद्र का उद्घाटन मुख्य पार्षद मानती देवी एवं सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से किया। केंद्र के शुरू होने से रजौली एवं आसपास के सीमावर्ती क्षेत्रों के किडनी मरीजों को इलाज के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के तहत यह सुविधा शुरू की गई है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के अंतर्गत पात्र मरीजों को निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा मिलेगी। इसके लिए चिकित्सकीय परामर्श के साथ आधार कार्ड और राशन कार्ड प्रस्तुत करना होगा। जिन मरीजों का राशन कार्ड सक्रिय नहीं है, उनसे फिलहाल प्रति डायलिसिस 1,878 का निर्धारित शुल्क लिया जाएगा। डायलिसिस केंद्र में फिलहाल तीन बेड उपलब्ध हैं। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक केंद्र का संचालन होगा। एक मरीज के डायलिसिस में लगभग चार घंटे लगने के कारण शिफ्टवार उपचार की व्यवस्था की गई है। अस्पताल में डॉ. संतोष कुमार की प्रतिनियुक्ति की गई है, जबकि किडनी विशेषज्ञ डॉ. कुणाल प्रत्येक माह के चौथे शनिवार को ओपीडी में मरीजों का परामर्श एवं उपचार करेंगे। केंद्र में शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक आरओ प्लांट लगाया गया है तथा प्रशिक्षित तकनीशियन और जीएनएम की तैनाती की गई है। उद्घाटन समारोह में डायलिसिस मैनेजर अभिषेक कुमार राय, डायलिसिस प्रभारी कृष्ण सैनी, प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. श्यामनंदन प्रसाद, डॉ. सूरज कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में शुरू होगी आईसीयू व वेंटिलेटर सुविधा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में जल्द ही आईसीयू वार्ड और वेंटिलेटरयुक्त गंभीर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। इस पर विधायक विमल राजवंशी ने प्रसन्नता जताते हुए इसे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इससे रजौली सहित आसपास के सीमावर्ती क्षेत्रों के गंभीर मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर उपचार मिल सकेगा। विधायक ने बताया कि 2 जुलाई 2026 को उन्होंने पटना में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से मुलाकात कर अस्पताल में आईसीयू, वेंटिलेटर और आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। उन्होंने रजौली की सीमावर्ती भौगोलिक स्थिति, राष्ट्रीय राजमार्ग-20 पर होने वाली दुर्घटनाओं और गंभीर मरीजों की बढ़ती संख्या का हवाला देते हुए उन्नत स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता रखी थी। उन्होंने कहा कि राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के आधिकारिक पत्र के अनुसार सरकार ने रजौली अनुमंडलीय अस्पताल को आईसीयू और वेंटिलेटर सुविधा उपलब्ध कराने की स्वीकृति दी है। उल्लेखनीय है कि राज्य के केवल 25 अनुमंडलीय अस्पतालों का इस योजना के लिए चयन किया गया है, जिनमें रजौली भी शामिल है। इस सुविधा के शुरू होने से सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों, हृदय रोग, स्ट्रोक, गंभीर संक्रमण तथा अन्य आपातकालीन मामलों में समय पर उपचार उपलब्ध हो सकेगा। इससे मरीजों को प्रारंभिक इलाज के लिए गया, नवादा या पटना रेफर होने की आवश्यकता भी काफी हद तक कम होगी। विधायक ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, राज्य स्वास्थ्य समिति और स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही लोगों से अस्पताल की आधुनिक सुविधाओं के संरक्षण और चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों के सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि रजौली विधानसभा में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, सिंचाई, रोजगार और जनहित से जुड़े मुद्दों को आगे भी सरकार के समक्ष मजबूती से उठाते रहेंगे।

# राज्य स्तरीय हैंडबॉल विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार के सासाराम में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में खिताब जीतकर नवादा का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ियों को मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंती नगर में सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में बिहार के लगभग 30 जिलों की टीमों ने भाग लिया था। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में नवादा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पटना को हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम में मॉडर्न इंग्लिश स्कूल की छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सम्मान समारोह में विद्यालय प्रबंधन ने खिलाड़ियों को स्मृति-चिह्न और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नवादा हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष एवं विद्यालय के निदेशक डॉ. अनुज सिंह ने कहा कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करता है। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय की छात्राओं ने पूरे बिहार में नवादा का परचम लहराया है। विजेता टीम का नेतृत्व कप्तान वैष्णवी ने किया। टीम में अवनी वत्स, रागिनी, रिया राज, अदिति, मुस्कान, देविका, आकांक्षा, रूही नयन, सलोनी, काजल और सपना शामिल थीं। विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने खिलाड़ियों एवं कोच नीतीश कुमार को बधाई देते हुए उनके निरंतर बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

# समाजसेवी की पहल से दलित बस्ती तक पहुंची सड़क निर्माण की सुविधा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। हिसुआ विधानसभा क्षेत्र के अकबरपुर प्रखंड की तेयार पंचायत स्थित बड़आ गांव की दलित बस्ती में वर्षों से लंबित सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। इस पहल की शुरुआत समाजसेवी भोले दानी ने कराई, जिससे बस्ती के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद जगी है। ग्रामीणों के अनुसार, दलित बस्ती तक पक्की सड़क नहीं होने के कारण बरसात में कीचड़ और अन्य मौसमों में आवागमन में काफी परेशानी होती थी। सड़क निर्माण शुरू होने से दैनिक जीवन की कठिनाइयों में राहत मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों ने बताया कि समाजसेवी भोले दानी ने बिना किसी व्यक्तिगत स्वार्थ के इस कार्य की पहल की। सड़क बनने से बस्ती के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में सुविधा होगी।

# साइकिलिंग प्रतियोगिता में अनुराग ने जीता स्वर्ण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज**। इंटर विद्यालय नारदीगंज के कक्षा 10 के छात्र अनुराग कुमार ने 18वीं राज्य सीनियर, जूनियर एवं सब जूनियर रोड साइक्लिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर जिले और विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका सिमरन सिन्हा ने बताया कि अनुराग नारदीगंज प्रखंड के आषाढ़ी गांव निवासी विकास कुमार के पुत्र हैं। उन्होंने छपरा में आयोजित प्रतियोगिता के यूथ बालक वर्ग की 10 किलोमीटर मास स्टार्ट स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। अनुराग की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कृष्णकांत गुट्टू, शारीरिक शिक्षिका सिमरन सिन्हा तथा अन्य शिक्षकों ने उन्हें पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सिमरन सिन्हा ने बताया कि अनुराग इससे पहले भी 'मशाल प्रतिभा खोज' कार्यक्रम में साइकिलिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। उनका चयन 'मशाल प्रेरणा छात्रवृत्ति' के लिए भी हुआ है। इसके तहत 24 जुलाई को पटना स्थित ऊर्जा भवन ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

### आषाढ़ी पूजा की तैयारी को ले बैठक

**पकरीबरावां**। पकरी में आषाढ़ी पूजा की तैयारी को ले मंगलवार को बैठक हुई। बैठक में पूजा की तैयारी पर चर्चा की गई। बताया गया कि 28 जुलाई को आषाढ़ी पूजा होगी। इस अवसर पर अध्यक्ष चांदो यादव, आसो पासवान, प्रकाश यादव, उमेश यादव, संजय यादव, उमा यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### पकरीबरावां में बैठक 24 जुलाई को

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां के डाकबंगला परिसर में 24 जुलाई को बैठक होगी। इसकी जानकारी कमलेश कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि उच्च विद्यालय के छात्रावास के मुद्दे को ले बैठक होगी। उन्होंने बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है।

# डीएम ने पंचायत विकास दिवस पर पात्र परिवारों को नए राशन कार्ड देने हेतु विशेष अभियान चलाने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्र ने पंचायत विकास दिवस के अवसर पर जिले के सभी पात्र परिवारों को नया राशन कार्ड उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। बुधवार को जिलाधिकारी द्वारा समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं आपूर्ति पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि जिले का कोई भी पात्र लाभुक राशन कार्ड से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से महादलित टोलों में अभियान चलाकर पात्र परिवारों की पहचान करने तथा विकास मित्रों के माध्यम से घर-घर जाकर दस्तावेजों का संकलन एवं आवेदन प्रक्रिया में सहयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अनुमंडल, प्रखंड एवं आपूर्ति पदाधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने, नियमित समीक्षा करने, विशेष शिविर आयोजित करने तथा पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से पूरा करने पर बल दिया। अधिकारियों को आवेदन प्राप्ति, भौतिक सत्यापन, ऑनलाइन प्रविष्टि एवं स्वीकृति की सभी प्रक्रियाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि 26 जुलाई 2026 को पंचायत विकास दिवस के अवसर पर जिले भर में विशेष शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र परिवारों के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। साथ ही 5 अगस्त 2026 तक विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिया गया है। बैठक में जिलाधिकारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिन पात्र परिवारों का राशन कार्ड अब तक नहीं बना है अथवा जिनके राशन कार्ड में किसी प्रकार का संशोधन आवश्यक है, वे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शीघ्र आवेदन करें और सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान का लाभ उठाएं।

## गोदरेज तोड़ लाखों के जेवर और 50 हजार रुपये नकद ले उड़े चोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित राणानगर मोहल्ले में बुधवार दोपहर दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। अज्ञात चोरों ने बंद घर को निशाना बनाते हुए गोदरेज की अलमारी का ताला तोड़ दिया और लाखों रुपये मूल्य के सोने के आभूषण तथा 50 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। घटना बुधवार दोपहर करीब एक बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी। पीड़िता प्रभा कुमारी ने मुफस्सिल थाना में दिए लिखित आवेदन में बताया कि अज्ञात बदमाश घर में घुस गए और गोदरेज की अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे सोने के दो चेन, चार अंगूठियां, दो मंगलसूत्र, चार जोड़ी कान की बालियां सहित अन्य कीमती आभूषण चोरी कर ले गए।

# मुख्यमंत्री ने किया डायलिसिस, पैथोलॉजी और आईसीयू यूनिट का शुभारंभ

## गया के चार अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के विभिन्न अस्पतालों में नई स्वास्थ्य सुविधाओं का उद्घाटन किया। इसी क्रम में गया जिले के चार अस्पतालों में डायलिसिस, पैथोलॉजी और आईसीयू जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह पहल जिले के लोगों को बेहतर, आधुनिक और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल, टिकारी और अनुमंडलीय अस्पताल, शेरघाटी में डायलिसिस यूनिट शुरू की गई है। इसके अलावा प्रभावती अस्पताल, गया में पैथोलॉजी (हब एंड स्पोक मॉडल) तथा जय प्रकाश नारायण अस्पताल, गया में आईसीयू यूनिट का शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि डायलिसिस सुविधा शुरू होने से किडनी रोग से पीड़ित मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी और इलाज के लिए दूर-दराज के बड़े शहरों पर उनकी निर्भरता कम होगी। वहीं प्रभावती अस्पताल में आधुनिक पैथोलॉजी सुविधा और जय प्रकाश नारायण अस्पताल में आईसीयू यूनिट शुरू होने से गंभीर मरीजों को समय पर बेहतर उपचार मिल सकेगा। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और अस्पतालों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों को उनके निकट ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज ही विकसित समाज की आधारशिला है और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से चिकित्सा व्यवस्था पर लोगों का विश्वास और मजबूत होगा। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल, पप्पू चंद्रवंशी, पप्पू नीलकर, साकेत कुमार, राकेश आईटी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सासाराम में प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप का पुतला दहन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आह्वान पर बुधवार को सासाराम के पोस्ट ऑफिस चौराहा पर अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा के बिहार प्रांतीय सचिव अशोक बैठा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन किया गया। इस दौरान किसानों, मजदूरों और छात्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों पर पुलिस कार्रवाई बंद करने, शिक्षा के व्यवसायीकरण पर रोक लगाने, कृषि को कॉर्पोरेट के हवाले करने की नीति वापस लेने, किसानों के सभी कर्ज माफ करने, बिजली बिल-2020 समाप्त करने, किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने तथा सभी कृषि उपज पर लाभकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी लागू करने की मांग उठाई। सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा के बिहार प्रांतीय सचिव अशोक बैठा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियां किसान और मजदूर विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि नई आर्थिक नीति, नई कृषि नीति और नई शिक्षा नीति के माध्यम से लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर कर देशी-विदेशी पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर कई अन्य आरोप भी लगाए। कार्यक्रम में अयोध्या राम, भगत सिंह, छात्र नौजवान सभा के राज्य समिति सदस्य राहुल सम्राट, बिहार राज्य किसान सभा के सत्तार अंसारी, मदन किशोर सिंह, भीम सिंह, रामराज, किसान महासभा के जवाहर सिंह, जय विजय तिवारी, जय जवान जय किसान के नाथ यादव, शंभूनाथ पांडे, राजू गुप्ता, श्याम सुंदर पाल, सोनू दबंग, कन्हैया राम, मंगल पांडेय, सुनील पासवान, अरुण पासवान, राजेश महतो, वीरेंद्र साह, राम सकल पासवान, भोला सेठ, रामजी चौहान, मनोज राम, अजमल अंसारी, अनिल गुप्ता, हरिकांत महतो सहित विभिन्न किसान संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शादी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर थाना अंतर्गत कांड संख्या 160/26 में राज्य से बाहर के लोगों से शादी कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले के मुख्य प्राथमिकी नामजद अभियुक्त दीनदयाल पासवान, पिता-लकेश्वर पासवान, निवासी-ग्राम धुरिया, थाना-बारुन, जिला-औरंगाबाद को विधिवत गिरफ्तार किया है। साथ ही इस गिरोह से जुड़ी पार्वती देवी, उम्र लगभग 43 वर्ष, पति-परमेश्वर केवट, निवासी ग्राम तेतराड़, थाना-अकोढीगोला, जिला-रोहतास को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## शाहाबाद की सिंचाई व्यवस्था को मिलेगी नई रफ्तार, मुख्य पश्चिमी नहर समेत कई नहरों के पक्कीकरण की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद प्रक्षेत्र की लगभग डेढ़ सौ वर्ष पुरानी सिंचाई व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में जल संसाधन विभाग ने तीन प्रमुख परियोजनाओं को अंतिम रूप दे दिया है। मुख्य पश्चिमी नहर सहित आधा दर्जन अन्य नहरों के पक्कीकरण एवं आधुनिकीकरण का प्रस्ताव केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के पास तकनीकी स्वीकृति के लिए लंबित है। स्वीकृति मिलने के बाद विश्व बैंक सहित अन्य वित्तीय संस्थानों के सहयोग से निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इसी सिलसिले में जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह 23 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित केंद्रीय जल आयोग की बैठक में भाग लेने रवाना हुए। विभाग को उम्मीद है कि बैठक में



मुख्य पश्चिमी नहर और अन्य प्रस्तावित परियोजनाओं को तकनीकी मंजूरी मिल जाएगी जिसके बाद निर्माण प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। विभाग के अनुसार मुख्य पश्चिमी नहर के जीरो प्वाइंट से 32 किलोमीटर तक लाइनिंग (पक्कीकरण) पर लगभग 750 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं, डिहरी फाल से 18.50 किलोमीटर तक नहरों के आधुनिकीकरण के लिए 518 करोड़ रुपये की योजना का टेंडर फरवरी में ही पूरा किया जा चुका है। हालांकि इस योजना को अभी केंद्रीय जल आयोग की तकनीकी स्वीकृति मिलना शेष है। आयोग ने अन्य नहरों के पक्कीकरण का प्रस्ताव भी मांगा था जिसे विभाग द्वारा भेज दिया गया है। वर्तमान में नहरों की कच्ची सतह के कारण बड़ी मात्रा में पानी का रिसाव होता है जिससे अंतिम छोर तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाता और किसानों को सिंचाई में परेशानी होती है। नहरों की लाइनिंग होने से पानी का रिसाव रुकेगा, जल संरक्षण बढ़ेगा, पानी का प्रवाह तेज होगा तथा नहरों की कार्यक्षमता और आयु में भी वृद्धि होगी। मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह ने बताया कि नहरों के पक्कीकरण से किसानों को समय पर सिंचाई का पानी उपलब्ध होगा जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

## बस संचालन और सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों और बस मालिकों की संयुक्त बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र में यातायात व्यवस्था, विधि-व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज की अध्यक्षता में 22 जुलाई 2026, बुधवार को अपराह्न 4:00 बजे अनुमंडल कार्यालय बिक्रमगंज के सभागार में बस मालिकों एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में बसों के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित परिचालन को सुनिश्चित करना तथा आम जनता को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराना था। इस दौरान सड़क सुरक्षा नियमों एवं मोटर वाहन अधिनियम का कड़ाई से अनुपालन कराने पर बल दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों का परिवहन नहीं किया जाएगा और ओवरलोडिंग पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सभी बसों के आवश्यक कागजातों जैसे फिटनेस प्रमाण-पत्र, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण-पत्र एवं चालक लाइसेंस की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की गई और जिन वाहनों के दस्तावेज अपूर्ण पाए गए उन्हें शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही अनुमंडल क्षेत्र में आए दिन लगने वाले यातायात जाम की समस्या के स्थायी निराकरण हेतु बस पड़ावों को व्यवस्थित करने, अवैध पार्किंग पर रोक लगाने और यातायात पुलिस की तैनाती बढ़ाने पर भी चर्चा हुई।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**गुरुआ (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के काज पंचायत अंतर्गत गोडा गांव निवासी बुधई रविदास के 23 वर्षीय पुत्र श्रवण कुमार रविदास की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। इस दर्दनाक घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के पिता बुधई रविदास ने बताया कि श्रवण अपनी मां को गुरारू थाना क्षेत्र के ताराउची स्थित ननिहाल छोड़ने गए थे। वहां से देर रात घर लौटते समय काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उनके मोबाइल पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया।

## बिना सफाईकर्मी बहाली के 11 माह की उपयोगिता जमा कराई गई, 25 लाख के गबन की चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालयों में वर्ष 2024 में सफाई कर्मचारियों की बहाली नहीं होने के बावजूद प्रधानाध्यापकों से 11 माह की उपयोगिता जमा कराए जाने का मामला बुधवार को चर्चा में है। शिक्षकों का आरोप है कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. अभय कुमार रमण के निर्देश पर जुलाई 2024 से मई 2025 तक की उपयोगिता प्रखंड संसाधन केंद्र में जमा कराई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंच प्रखंड के किसी भी विद्यालय में 2024 में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं की गई थी। इसके बावजूद सभी प्रधानाध्यापकों से उक्त अवधि की उपयोगिता लेने का निर्देश दिया गया। शिक्षकों का कहना है कि यह राशि सफाई एजेंसी के माध्यम से कर्मचारियों को भुगतान के लिए मांगी गई थी, लेकिन किसी विद्यालय को इसका वितरण नहीं किया गया। इसी बीच प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पर लगभग 25 लाख रुपये के गबन का आरोप भी लग रहा है। शिक्षकों के बीच चर्चा है कि सफाई एजेंसी द्वारा उक्त राशि पूर्व में ही बीईओ को दे दी गई थी जिसका उपयोग विद्यालयों में नहीं किया गया। शिक्षकों का सवाल है कि यदि 2024 से सफाई कर्मचारियों को मानदेय नहीं मिला तो उपयोगिता पहले क्यों नहीं ली गई और तबादले के बाद यह मामला क्यों सामने आया। इस संबंध में जब बीईओ डॉ. अभय कुमार रमण से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे बात नहीं हो सकी। शिक्षकों और अभिभावकों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला प्रशासन से पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जांच होने पर और भी कई अनियमितताएं सामने आ सकती है।

## मिर्जा गालिब कॉलेज के नए सचिव बने शकील अहमद खान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शहर के प्रतिष्ठित मिर्जा गालिब कॉलेज के शासी निकाय में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए अधिवक्ता शकील अहमद खान को सर्वसम्मति से नया सचिव चुना गया है। यह निर्णय 20 जुलाई 2026 की शाम आयोजित शासी निकाय की बैठक में लिया गया। शकील अहमद खान पेशे से अधिवक्ता हैं और लंबे समय से शासी निकाय के सदस्य के रूप में कॉलेज की गतिविधियों में सक्रिय एवं निःस्वार्थ भाव से योगदान देते रहे हैं। सचिव चुने जाने के बाद उन्होंने कॉलेज के सर्वांगीण विकास के लिए लोकतांत्रिक



एवं पारदर्शी तरीके से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सहयोग से कॉलेज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। बताया गया कि पूर्व सचिव डॉ. हफीजुर रहमान खान स्वास्थ्य संबंधी कारणों से अपने दायित्वों का निर्वहन करने में असमर्थ थे। इसी कारण शासी निकाय ने सर्वसम्मति से शकील अहमद खान को नया सचिव चुना। शकील अहमद खान के सचिव बनने पर शासी निकाय के सभी सदस्यों, शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों तथा समाज के गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने भी उन्हें नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में मिर्जा गालिब कॉलेज विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

## हत्या का नामजद आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** सरबहदा पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में कार्रवाई करते हुए एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया। सरबहदा थाना अध्यक्ष निशा कुमारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के सरौनजी गांव में छापेमारी कर हत्या के प्रयास नामजद आरोपी राजा कुमार को गिरफ्तार किया गया।

## नामजद आरोपित गिरफ्तार

**मैगरा (नबिटा सं.)।** भदवर थाना पुलिस ने कांड संख्या 67/26 में फरार चल रहे नामजद आरोपी गुलफाम अंसारी को गिरफ्तार किया है। वह बेनी नगर गांव का निवासी है। भदवर थानाध्यक्ष सचिन कुमार ने बताया कि आरोपी को विधिसम्मत तरीके से गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध अग्रेतर

## दिल्ली पुलिस द्वारा की गई लाठी चार्ज और अश्रुगैस के गोले छोड़ने की कड़ी निन्दा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने जंतर-मंतर से 'संसद मार्च' कर रहे छात्रों पर और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास के पास कांग्रेस, सपा और अन्य विपक्षी दलों द्वारा पेपर लीक के विरुद्ध और शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की इस्तीफा की मांग को लेकर धरना पर बैठे धरनार्थियों पर दिल्ली पुलिस द्वारा की गई लाठी चार्ज, वाटर कैनन और अश्रुगैस के गोले छोड़ने की कड़ी निन्दा की है। उन्होंने कहा कि सरकार तानाशाह हो गई है और पुलिस बर्बर। सरकार बातचीत की नीति नहीं अपना कर बर्बर और दमन की नीति अपनाई है। ऐतिहासिक तथ्य है कि कोई भी जन आंदोलन जिससे व्यापक लोगों का हित जुड़ा हो वो लाठी, गोली, दमन या गिरफ्तारी से दबता नहीं है बल्कि और उत्साह, उमंग, आत्मविश्वास और जोश के साथ तेज गति से विस्तार हो जाता है। देश के अधिकांश हिस्सों में छात्र आंदोलित हैं। जुलूस प्रदर्शन, धरना कार्यक्रम कर रहे हैं। श्री आजाद ने कहा कि सरकार को दमन, लाठी, गोली, वाटर कैनन, अश्रुगैस और गिरफ्तारी की नीति छोड़ कर बातचीत की नीति अपनानी चाहिए और आन्दोलन कर रहे छात्रों से बातचीत करनी चाहिए। श्री आजाद ने लाठी चलाने वाले पुलिस पर मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने, पेपर लीक गिरोह को गिरफ्तार करने और पेपर लीक मामले के जिम्मेदार मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को बर्खास्त करने की मांग की।

## भूमि विवाद में मारपीट, दो पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के निघई गांव में आपसी भूमि विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निघई गांव निवासी जितेंद्र यादव ने थाने में आवेदन देकर बताया कि उन्होंने अपने चाचा की गाड़ी से खेत की जुताई कराई थी। इसी बात को लेकर चाचा ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की गई। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर कांड संख्या 249/26 दर्ज किया गया है।


**NAME CHAGE**

I, hitherto known as KUNTI DEVI W/O AMARJEET SAHANI residing at 0062, Ward No.07, Akbarpur, Samastipur, Bihar-848101, have changed my name and shall hereafter be known as KAJAL DEVI.



**शपथ पत्र**

मैं कारू सिंह उर्फ योगेन्द्र सिंह पिता स्व. राजनन्दन सिंह, ग्राम टिकरी, पोस्ट-नगवां, थाना-गुरूआ, जिला-गया (बिहार) का स्थायी निवासी हूं। शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मैं भारतीय नागरिक हूं मेरा आधार नं.-2700 3126 9688 है।

मेरे आधार कार्ड एवं बैंक खाता सं.-100901700139153 पर मेरा नाम कारू सिंह है जबकि भारतीय जीवन बीमा निगम के बॉण्ड पर मेरा नाम योगेन्द्र सिंह अंकित है जिसका पॉलिसी सं.-517259104 है।

मैं कारू सिंह उर्फ योगेन्द्र सिंह दोनों नामों से जाना जाता हूं। उक्त दोनों नाम मेरा ही है इस नाम के मेरे गांव में मेरे अलावा कोई दूसरा व्यक्ति नहीं है। यह शपथ पत्र अपने दो नाम होने के समर्थन में निष्पादित कर रहा हूं।

उपरोक्त कोई भी तथ्य छुपाया नहीं हूं गलत पाये जाने पर शपथ पत्र रद्द किया जा सकता है। मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 20657 दिनांक 20.07.26

शपथकर्ता
कारू सिंह उर्फ योगेन्द्र सिंह



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।**
(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

हरिहरगंज थाना काण्ड सं0–04/23 दि0–06.01.2023 धारा–461/479 भा0द0वि0, हरिहरगंज थाना काण्ड सं0–30/23 दि0–15.03.2023 धारा–461/479 भा0द0वि0, हरिहरगंज थाना काण्ड सं0–35/23 दि0–04.04.2023 धारा–461/479 भा0द0वि0, हरिहरगंज थाना काण्ड सं0–53/23 दि0–04.05.2023 धारा–461/479 भा0द0वि0 एवं हरिहरगंज थाना काण्ड सं0–104/22 दि0–12.10.2022 धारा–461/479 भा0द0वि0 के अभियुक्त अनिल कुमार पासवान पे0–स्व0 परिखा पासवान सा0–उपरी डुमारी, थाना–औरंगाबाद बिहार के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक, पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कश्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, छतरपुर, पलामू :– 9431706241 थाना प्रभारी,
हरिहरगंज, पलामू :– 9431706260

पुलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR 385575 Police(26-27)D


## छकरबंधा और चुआवार में प्रशासन पहुंचा गांव, सैकड़ों लोगों ने रखीं समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** आम लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुलभ कराने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को इमामगंज प्रखंड के छकरबंधा एवं चुआवार पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा किए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) रविशंकर शर्मा ने कहा कि सरकार की मंशा है कि लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए प्रखंड और जिला मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर प्रशासन और आमजन के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बन रहा है जिससे लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो रहा है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि छकरबंधा पंचायत में कुल 101 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 31 मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। वहीं चुआवार पंचायत में 100 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 39 मामलों का ऑन-द-स्पॉट समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को भेज दिया गया है और उनका भी शीघ्र निष्पादन कराया जाएगा।


**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**
**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**UNDER GRADUATE ENGINEERING ADMISSION COUNSELLING (UGEAC)-2026 for 5-Year full-time Bachelor of Architecture Course**

**Adv. No.- BCECEB(UGEAC)-2026/08 Dated 22.07.2026**

**Important Notice for B. Arch. Course**

In continuation to the Adv. No.- BCECEB(UGEAC)-2026/05 & 2026/06 Dated 29.06.2026, it is to inform all concerned related to UGEAC-2026 (B. Arch.) that the candidates who are qualified and eligible on the basis of the prospectus of Under Graduate Engineering Admission Counselling (UGEAC)-2026 (B. Arch.) and who have duly submitted the online application form in response to Adv. No.- BCECEB(UGEAC)-2026/05 & 2026/06 Dated 29.06.2026 are included in the counselling programme for seat allotment of 5-Year full-time Bachelor of Architecture Course in Gaya College of Engg., Gaya.

2. The Offline Counselling will be held on **27.07.2026**.

3. Detailed Counselling Programme/ eligibility criteria for counselling / admission/ instructions and other details are available in the prospectus of UGEAC-2026 and the **related Advertisement No.- BCECEB(UGEAC)-2026/07 dated 22.07.2026 which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.**

**Controller of Examination**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू**

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या– **EE/RDSD/Palamau/ F2 - 05/ 2026-27**

| S. No. | Group No. | Name of Work | Estimated Cost (in Rs.) | Amount of Earnest Money(Rs.) | Cost of Tender Paper(Rs.) | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 01 | पलामु जिला के प्रखण्ड विश्रामपुर अंतर्गत सेवरा मुख्य पथ से शंकरडीह पथ पर एक स्पैन वाले पुल का निर्माण। | 19,23,000 | 38500 | 5000 | 4 माह |
| 2 | 02 | पलामु जिला के प्रखंड मोहम्मदगंज अन्तर्गत ग्राम छोटकी कररिया में मस्कुर मौलाना के घर के पक्की सड़क से शेख फारूख के धर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 22,30,100 | 44700 | 5000 | 3 माह |
| 3. | 03 | पलामु जिला के प्रखंड मोहम्मदगंज अन्तर्गत पीपल पेड़ से मुबारक शाह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 24,89,900 | 49800 | 5000 | 3 माह |
| 4. | 04. | पलामु जिला के प्रखंड हुसैनाबाद पंचायत पथरा कला में करवरार बांध मोड़ से पीपरडीह टोला तक सिंचाई नाली निर्माण। | 24,98,600 | 50000 | 5000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 27.07.2026 (05:00 PM से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 27.07.2026 (अपराह्न 5:00 PM से दिनांक 01.08.2026. को 5:00PM तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 04.08.2026 अपराह्न 4:00 PM बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू**

**PR 385569 District(26-27)#D**

संपादकीय

## फीफा कप : स्पेन फिर बादशाह

एक अनजान से युवा खिलाड़ी फेर्रान टोरेस ने कशमकश भले विश्व कप फुटबॉल के फाइनल में अचानक प्रकट होकर ऐसा गोल दागा कि सारी दुनिया हैरान रह गई और स्पेन 16 साल बाद फिर फुटबॉल का बादशाह बन गया। इस युवा खिलाड़ी ने फुटबॉल की महाशक्ति अर्जेंटीना के नामवर खिलाड़ी लियोनेल मैसी का सपना भी तोड़ दिया, जो संभवतः इसी विश्व कप के साथ अपने फुटबॉल कॅरियर को विराम देना चाहते थे। न्यूयॉर्क के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए रोमांचक खिताबी मुकाबले को पूरी दुनिया देख रही थी। मैच में दोनो टीमें एक दूसरे पर हमले कर रही थीं, लेकिन स्पेन की रक्षा पंक्ति अभेद्य साबित हुई। जब मैच टाइम में भी कोई फैसला न हो सका तो एक्स्ट्रा टाइम दिया गया। मैच के 106 वें मिनट में बतौर सब्स्टीट्यूट आए टोरेस गजब का गोल दागा और अर्जेंटीना की अनुभवी टीम हतप्रभ रह गई। मैच में स्पेन के पेड्रो पोरो के क्रॉस को निको विलियम्स ने हेडर से टोरेस की ओर बढ़ाया। बॉक्स के अंदर मौजूद फेर्रान टोरेस ने बिना समय गंवाए पहला ही शॉट गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। यही गोल मैच का विजयी गोल साबित हुआ। वैसे पूरे मैच पर स्पेन की टीम का ही दबदबा रहा, जबकि अर्जेंटीना की टीम में केवल गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ही ढंग से खेलते दिखे। उन्होंने 12 गोल बचाए।

अर्जेंटीना खिताब भले ही नहीं जीत पाई हो, लेकिन उसके स्टार खिलाड़ी 39 साल 25 दिन की उम्र में लियोनेल मेसी विश्व कप फाइनल खेलने वाले सबसे उम्रदराज आउटफील्ड खिलाड़ी बने। वह विश्व कप के तीन फाइनल खेलने वाले इतिहास के केवल दूसरे खिलाड़ी बने। हालांकि फाइनल में हार ने मैसी को बहुत दुखी कर दिया और उनकी आंखों से आंसुओं की धार बह निकली। स्टेडियम में मौजूद हजारों दर्शकों ने उनका नाम लेकर उनका सम्मान किया और तख्तियां दिखाकर उन्हें आदराजंलि व्यक्त कर विदाई दी। इस जीत के साथ स्पेन ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। पूरी प्रतियोगिता में स्पेन केवल एक गोल खाया और ऐसा करने वाली विश्व कप इतिहास की पहली चैंपियन टीम बनी। इसके अलावा स्पेन दो अलग-अलग मौकों पर लगातार यूरो कप और विश्व कप जीतने वाला दुनिया का पहला देश भी बन गया। उधर अर्जेंटीना फाइनल तो हारी ही, साथ ही उसके खिलाड़ियों का व्यवहार भी खेल भावना के अनुरूप नहीं था। अर्जेंटीना के मिडफील्डर लिएंड्रो पेरेडेस का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने स्पेन के एरिक गार्सिया से भिड़ंत की और बीच-बचाव करने आए गावी के चेहरे पर भी मुक्का जड़ दिया। घटना के बाद पेरेडेस को रेड कार्ड दिखाया गया इस मैच को देखने अमेरिका के बड़बोले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी पहुंचे थे। मैच के बाद ट्रॉफी समारोह के दौरान उन्हें दर्शकों की हूटिंग का सामना करना पड़ा। स्पेन के कप्तान रोड्री को ट्रॉफी सौंपने के बाद वह खिलाड़ियों के बीच ही खड़े रहे, जिसके बाद अधिकारियों ने उन्हें मंच से हटने का इशारा किया। तनाव बढ़ता देख अर्जेंटीना के मुख्य कोच लियोनेल स्कालोनी तुरंत मैदान में पहुंचे और अपने खिलाड़ियों को पीछे हटाया। अधिकारियों ने घटना की गंभीरता को देखते हुए पेरेडेस को रेड कार्ड दिखाया। इसके बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी अलग हुए और मामला शांत हुआ। मैच में पेरेडेस के अलावा एंजो फर्नांडीज को भी रेड कार्ड दिखाया गया था। यहां तक कि हार के लिए अर्जेंटीना के रैफरी स्लावको विन्चिच भी सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल हुए। मैच की खास बात यह भी रही कि स्पेन ने पूरे मुकाबले में दबदबा बनाए रखा और विश्व कप इतिहास में ऐसा करने वाली पहली टीम बनी जिसने पूरे टूर्नामेंट में सिर्फ एक गोल खाया। स्पेन टीम ने साबित कर दिया कि खिताब की सही हकदार वही थी।

# व्यक्तिगत रूप से ज्यादा असरदार होता है सत्याग्रह

**जंतर मंतर के शिक्षा सत्याग्रह ने अजीब स्थिति पैदा कर दी है। यह स्थिति अन्यायी निजाम ने तो पैदा ही कि कि लेकिन अन्याय का विरोध करने वालों ने भी पैदा की है। कुछ लोग कह रहे हैं कि पर्यावरणविद् और शिक्षाविद् सोनम वांचुक का आमरण अनशन वास्तव में गांधीवादी है ही नहीं। क्योंकि अपने सत्रह बार के सत्याग्रह में गांधी ने कभी कुछ पाने और सत्ता का विरोध करने के लिए अनशन किया ही नहीं। दूसरी तरफ वे लोग हैं जो हंसी मजाक में विदेश की धरती से आए काकरोच जनता पार्टी के विचार को ही अन्यायियों द्वारा प्रायोजित एक नाटक के रूप में देख रहे हैं। यह दोनों तर्क नैष्कर्म्य (कुछ न करने) की ओर ले जाते हैं इसलिए इन पर समाज में बात होनी चाहिए। लेकिन यहां एक बात जरूर कहना चाहिए कि साजिश के सिद्धांत की कल्पना शक्ति और कुतर्कों की कोई सीमा नहीं होती इसलिए साजिश के आख्यान का एक सीमा तक ही प्रति उत्तर दिया जा सकता है।**

**अरुण कुमार त्रिपाठी**

सबसे पहले इस बात पर विचार होना चाहिए कि सोनम वांचुक का अनशन गांधीवादी है या नहीं। इसी के साथ यह भी प्रश्न है कि क्या गांधी ने कभी सरकार के विरुद्ध कोई अनशन किया था या नहीं? पहली बात यह है कि अनशन, सत्याग्रह या सिविल नाफरमानी को महज गांधी तक सीमित करना ठीक नहीं है। इसकी एक परंपरा है मानव इतिहास में। कुछ ऐतिहासिक तथ्यों के तौर पर दिखती है तो कुछ पौराणिक कथाओं के रूप में। गांधी पौराणिक कथाओं से लेकर ऐतिहासिक प्रसंगों से समान प्रेरणा ग्रहण करते थे। गांधी ने प्रहलाद, सुकरात, ईसा मसीह, मीरा और थोरो सभी से प्रेरणाएं ग्रहण कीं। गांधी की विशेषता यह थी कि वे चीजों को उनके उच्च स्तरीय दार्शनिक अर्थों में समझते थे। न की उनके शाब्दिक अर्थों में। आज के विघ्नसंतोषी प्रवक्ता (विशेष कर कांग्रेस समर्थक वौद्धिक) वैसा समझने के लिए तैयार नहीं हैं। इस स्तंभकार ने एक बार 'वर्शिपिंग फाल्स गॉड' के बहाने अरुण शौरी पर एक आलेख तैयार किया। उसमें प्रीतीश नंदी की टिप्पणी यह थी कि अरुण शौरी चीजों को शाब्दिक अर्थों में लेते हैं। उसका भावार्थ नहीं समझते। जैसे कि अगर कह दिया जाए कि राजा सगर के साठ हजार पुत्र थे वे उसे गिनने लगेंगे और गिन कर बताएंगे कि, नहीं उसमें तो दस कम पड़ रहा है। ऐसा ही एक बौद्धिक वर्ग सत्याग्रह की परंपरा को महज गांधी तक बांध देना चाहता है जबकि गांधी स्वयं उसे हजारों साल पुरानी परंपरा बताते हैं। इस विषय को बौद्ध विद्वान, अर्थशास्त्री और समाजवादी चिंतक कृष्णनाथ 'जनतंत्र और सत्याग्रह' नामक एक पुस्तिका में बेहद खूबसूरत ढंग से स्पष्ट करते हैं। वे लिखते हैं कि प्रहलाद पुराण की परंपरा का पहला ज्ञात सत्याग्रही है। संभव है कि दूसरे देशों की पौराणिक कथाओं में कोई ऐसा निकल आए जो कालक्रम के हिसाब से प्रहलाद से पहले का साबित हो और उसे स्वीकार करने में हमें खुशी ही होगी। लेकिन यहां कालक्रम का सवाल ही नहीं उठाना चाहिए। फिर वे सुकरात का जिक्र करते हुए कहते हैं कि सुकरात ने जहर का प्याला पिया, लेकिन जीभ का निरादर न होने दिया। उन्होंने



अपनी वाणी पर कोई पाबंदी नहीं मानी। ग्रीस का वह बूढ़ा सुकरात दुनिया के इतिहास का पहला ज्ञान सत्याग्रही है।

वे उन्नीसवीं सदी के दार्शनिक सत्याग्रही हेनरी डेविड थोरो के सत्याग्रह का वर्णन करते हुए कहते हैं कि अमेरिका मेक्सिको में लड़ाई लड़ रहा था। थोरो ने उस अमेरिकी सरकार को टोल टैक्स देने से इंकार किया जो गुलामी कायम रखती है और लड़ाई करती है। इसके लिए थोरो ने एक रात जेल में काटी। इसी अनुभव से निकला उसका लेख–रेजिस्टेंस टू सिविल गवर्नमेंट(1849)। जो बाद में सिविल डिसओबिडियंस के नाम से ज्यादा लोकप्रिय हुआ। थोरो से इमर्सन ने पूछा–तुम जेल में क्यों आए हो? थोरो ने इसके जवाब में सवाल किया...तुम जेल से बाहर क्यों हो? उसका तात्पर्य यह था कि जिस राज्य में एक भी आदमी अन्यायपूर्वक जेल में बंद हो उस राज में न्यायपूर्ण आदमी की न्याय संगत जगह जेल में है। गांधी प्रहलाद से लेकर थोरो तक के तमाम सत्याग्रहियों का बार बार उल्लेख करते हैं। थोरो के लेख का तो गांधी जी ने इतनी बार उल्लेख किया कि वह मशहूर हो गया। यहां सवाल सत्याग्रह को शाब्दिक अर्थों में लेते हुए उसकी नकल करने का नहीं है। सवाल उसके भावार्थ को समझते हुए उससे प्रेरणा लेने की है। गांधी ने उन्हीं सत्याग्रहों से प्रेरणा लेते हुए अपने सत्याग्रह के हथियार की खोज की थी। लेकिन यहां यह बात गौर करने की है कि हर सत्याग्रही निजी ज्ञान, प्रतिबद्धता, क्षमता और परिस्थितियों के लिहाज से अपने सत्याग्रह की खोज स्वयं करता है। यह एक सतत होने वाला नवीन प्रयोग है न कि नकल जैसी पुनरावृत्ति। सभी कुछ जानते हुए गांधी ने अपने सत्याग्रह की खोज 11 सितंबर 1906 को ट्रांसवाल में काले कानूनों के विरुद्ध एक सभा में तब किया जब एक मुस्लिम भाई ने कहा कि हम अल्लाह के नाम पर इन कानूनों का विरोध करेंगे और कोई भी कष्ट उठाने के लिए तैयार हैं।

रही सरकार के विरुद्ध सत्याग्रह की बात तो यह कहना तथ्यात्मक रूप से ठीक नहीं है कि गांधी ने ऐसा नहीं किया। गांधी ने जब सितंबर 1932 में दोहरी मतदान प्रणाली के कम्युनल अवार्ड के विरुद्ध येरवदा जेल में अनशन (20 से 24 सितंबर तक) किया और जिस पर प्यारेलाल जी ने 'द इपिक फास्ट' जैसी मशहूर पुस्तक लिखी। उसका निशाना कौन था? इसकी व्याख्या करते हुए राजमोहन गांधी लिखते हैं कि उसके निशाने पर तीन शक्तियां थीं। एक शक्ति भारतीय समाज की वह वर्ण व्यवस्था थी जो छुआछूत पर टिकी थी। दूसरी शक्ति के तौर पर वह ब्रिटिश साम्राज्य था जो हिंदू समाज को बांटने पर तुला हुआ था और गांधी इसमें हिंदू समाज का हित नहीं देखते थे। तीसरी शक्ति डॉ. आंबेडकर थे जो इस बात की जिद पकड़े थे कि अनुसूचित जाति के लोगों को कल्याण इसी में है चाहे गांधी की जान चली जाए। गांधी के इस अनशन (सत्याग्रह) पर पूरी दुनिया में बेचैनी थी। उसी सबका प्रभाव था कि जेल की चाहरदीवारी के भीतर से गांधी ने तीनों मोर्चों पर कामयाबी हासिल की। गांधी की जान बचाने को डॉ आंबेडकर राजी हुए, परिणामस्वरूप पूना समझौता हुआ, ब्रिटिश सरकार ने कम्युनल अवार्ड वापस लिया और हिंदू समाज अपनी छुआछूत पर लज्जित होते हुए उसे मिटाने में लग गया। 1932 वाला अनशन तो छोटा था लेकिन गांधी ने दूसरा अनशन 1943 में 21 दिन का किया क्योंकि अंग्रेज सरकार ने भारत छोड़ो आंदोलन के बाद उत्पन्न हिंसा की जिम्मेदारी कांग्रेस पर डाल दी थी। उसके विरुद्ध गांधी ने अनशन किया और कहा कि हिंसा की जिम्मेदारी अंग्रेज सरकार की है। लेकिन इन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आजकल सत्याग्रह असरदार क्यों नहीं हो रहा है। तमाम लोगों ने यह कहना शुरू कर दिया है कि वो अंग्रेजों का जमाना था जो कि संघ परिवार से अधिक सभ्य थे इसलिए उन्होंने गांधी के सत्याग्रह पर ध्यान दिया। आज की सरकार अधिक क्रूर है। इसलिए उस पर किसी सत्याग्रह का असर नहीं होगा। ऐसे लोग क्रूर शक्तियों का गुस्सा और उनके कठोर कदमों की ओर ध्यान नहीं देते। वास्तव में इतिहास का नियम यह है कि जो जितना बड़ा अहिंसक हुआ है उसने सामने वाले अन्यायी में उतना ही बड़ा क्रोध पैदा किया है। प्रहलाद ने हिरण्यकश्यप में, बुद्ध ने देवदत्त में, सुकरात ने एटिनस में, ईसा ने यरुशलम के पुजारियों में, थोरो ने अमेरिकी गोरों में गांधी ने गोडसे में जबरदस्त क्रोध पैदा किया। वह ऐसा था कि सत्याग्रही की जान लेने से कम पर राजी नहीं था। इस लिहाज से भगत सिंह भी 'सत्याग्रह' ही कर रहे थे और ब्रिटिश सरकार ने उन्हें मृत्यु से कुछ कम देकर संतुष्ट हो नहीं सकती थी। क्योंकि भगत सिंह ने न तो अपनी जान बचाने की कोशिश की और न ही जेल से बाहर आने की।

वास्तव में जंतर मंतर की सिविल नाफरमानी (सत्याग्रह) को गैर-गांधीवादी बताने और सत्याग्रह की श्रेणी से बाहर रखने वाले एक किस्म के विघ्नसंतोषी हैं। उनका लक्ष्य निष्कर्म्य (कुछ न करने का) है। उनका यह तर्क समझ से परे है कि यह आंदोलन कांग्रेस पार्टी और उसकी जमीन छीनने के लिए है। वास्तव में यह अन्यायी की जमीन छीनने के लिए है और कांग्रेस पार्टी इस आंदोलन को अपने से क्यों नहीं जोड़ सकती या इससे खुद क्यों नहीं जुड़ सकती? या कांग्रेस और यह दोनों आंदोलन साथ साथ क्यों नहीं चल सकते? जीन शार्प, रिचर्ड ग्रेग, ग्लेन डी पेज, जोहान गाल्तुंग जैसे तमाम विदेशी विद्वानों ने गहरे शोध से यह प्रमाणित किया है कि हिंसा, अन्याय और युद्ध के विरोध में मानव व्यक्तिगत रूप से और सामूहिक रूप से सदियों से सक्रिय है। अभी सत्याग्रह का सामूहिक रूप विकसित नहीं हुआ है इसलिए वह व्यक्तिगत रूप से ज्यादा असरदार होता रहा है और सामूहिक रूप विकसित होने तक उसे मुअत्तल करने का सुझाव ठीक नहीं है। दुनिया के तमाम देशों में उसका प्रभाव रहा है। इसलिए भारत में कुछ विघ्न संतोषियों के कुतर्क के चलते यह मान लेने का कोई कारण नहीं है कि वह सफल नहीं होगा।

अध्यात्म

## खुद पर भरोसा करना सीखें

पुराने समय में एक आश्रम में दो संत एक साथ एक आश्रम में रहते थे। दोनों का जीवन एक समान ही था। दोनों सुबह ब्रह्ममुहूर्त में उठते, पूजा-पाठ करते, साधना करते और जरूरतमंद लोगों की सहायता करते थे। आश्रम में दूर-दूर से लोग अपनी परेशानियों लेकर आते और दोनों संत उन्हें अपनी बुद्धि से उचित मार्गदर्शन देते। दोनों की सलाह इतनी प्रभावी होती थी कि लोगों की समस्याएं काफी हद तक दूर हो जाती थीं। दोनों संतों के स्वभाव में एक बड़ा अंतर था। पहले संत का नाम था सुखी। वह हर परिस्थिति में प्रसन्न रहता था। चाहे कठिन समय हो या सफलता का अवसर, उसके चेहरे पर हमेशा संतोष और आत्मविश्वास झलकता था। वहीं दूसरे संत का नाम था दुखी। वह हर छोटी-बड़ी बात को लेकर चिंतित रहता, परिणामों को लेकर परेशान रहता और हमेशा किसी न किसी कमी का अनुभव करता था। गांव के लोगों ने दोनों संतों के अलग-अलग स्वभाव की वजह से उनके नाम सुखी-दुखी रख दिए थे। एक दिन दुखी संत ने सोचा कि जब दोनों का जीवन, दिनचर्या और कर्म समान हैं, तो फिर उसके जीवन में अशांति क्यों है? वह अपने गुरु के पास पहुंचा और अपनी शंका व्यक्त की। गुरु ने मुस्कुराते हुए कहा, 'तुम दोनों के कर्म एक जैसे हैं, लेकिन सोच अलग है। सुखी संत हर परिस्थिति को अवसर मानता है। उसे अपने प्रयासों और ईश्वर पर पूरा विश्वास है। वह परिणाम की चिंता करने के बजाय वर्तमान में अपना श्रेष्ठ कार्य करता है। इसलिए उसका मन शांत रहता है।' फिर गुरु ने दुखी संत से कहा, 'तुम हर काम करते समय पहले ही असफलता की कल्पना कर लेते हो। तुम्हें स्वयं पर भरोसा नहीं है और तुम हमेशा दूसरों से तुलना करते रहते हो। यही तुम्हारे दुख का सबसे बड़ा कारण है।' गुरु की बात सुनकर दुखी संत को अपनी भूल समझ आ गई। उसने उसी दिन से अपने विचार बदलने का संकल्प लिया। धीरे-धीरे उसका आत्मविश्वास बढ़ा, मन शांत हुआ और जीवन में खुशियां लौटने लगीं। तब उसे एहसास हुआ कि परिस्थितियां नहीं, बल्कि हमारी सोच ही हमारे जीवन की दिशा तय करती है।

**सीख** – हर व्यक्ति को कभी न कभी कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। फर्क सिर्फ इतना होता है कि कोई व्यक्ति उन चुनौतियों के आगे हार मान लेता है, जबकि कोई उन्हें अवसर बनाकर आगे बढ़ जाता है। सकारात्मक सोच इसी अंतर को पैदा करती है। खुद पर भरोसा करना सीखें। यदि आपको अपनी क्षमता पर विश्वास होगा, तो कठिन से कठिन लक्ष्य भी संभव लगने लगेगा।

# लिव-इन रिलेशनशिप : स्वतंत्रता नहीं, स्वच्छंदता

**लिव-इन रिलेशनशिप क्या भारतीय समाज और उसकी व्यवस्था के अनुरूप है? क्या इससे सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न नहीं हो रहा है? बिल्कुल इस नए किस्म के रिश्ते से कई तरह की समस्या उत्पन्न हो रही है। आए दिन अपराध के जो नए-नए मामले आ रहे हैं, वह कानूनी दृष्टि से एक बड़ी समस्या बन चुकी है तो समाज में अविश्वास का भाव उत्पन्न हो रहा है। जिस सनातनी समाज की हम कल्पना करते हैं, वहाँ वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हैं, वहाँ इस तरह के नए रिश्तों को कोई जगह नहीं है। अलग-अलग किस्म के सर्वे में इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि अब लड़कियाँ जल्द शादी नहीं करना चाहती हैं या नहीं करना चाहती हैं। कई ऐसे सेलिब्रेटी हैं जिन्होंने पिछले दिनों भारतीय विवाह संस्था को बेकार और बेकाम साबित करने वाले बयान दिए हैं। भारतीय वैवाहिक संस्था किसी धर्म के आधार पर नहीं बल्कि सुविचारित अनादिकाल से बनी हुई है। विवाह का अर्थ केवल संतान उत्पन्न करना नहीं है अपितु दो परिवार आपस में मिलते हैं और समग्र विकास, सहयोग और विश्वास का रिश्ता बनता है। यही भारतीयता का मूल आधार है लेकिन लिव-इन रिलेशनशिप ने जैसे इसे ताक पर रख दिया है।**

**प्रो. मनोज कुमारव**

जब हम कानून के परिप्रेक्ष्य में चर्चा करते हैं तो कानून समाज में सभी के अधिकारों की बात करता है और इसे उसका दायित्व माना जा सकता है। जैसा कि लिव-इन रिलेशनशिप के लिए व्यक्तिगत स्वतंत्रता और संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हिस्सा माना है। इस पर समाज में लंबे समय से विमर्श चल रहा है और बातें आगे भी होती रहेंगी। इस संबंध में मध्यप्रदेश सरकार ने प्रस्तावित यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के अंतर्गत लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। यह कानून वर्तमान समय में सामाजिक और कानूनी दृष्टि से चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है। सरकार का उद्देश्य लिव-इन संबंधों को कानूनी मान्यता प्रदान करने के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। संभव है कि जल्द ही प्रस्तावित प्रावधान अमल में लाया जा सके। सरकार जो कर सकती है, वह कर रही है। प्रस्तावित नए कानून में सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि लिव-इन संबंध में रहने वाले जोड़ों को अपने संबंध का पंजीकरण एक निर्धारित समय सीमा, अर्थात् एक महीने के भीतर कराना अनिवार्य होगा। सरकार का मानना है कि इससे संबंधों में पारदर्शिता आएगी तथा भविष्य में उत्पन्न होने वाले विवादों को कम किया जा सकेगा। प्रस्तावित कानून के अनुसार यदि कोई व्यक्ति निर्धारित समय में अपने लिव-इन संबंध का पंजीकरण नहीं कराता है, तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। कुछ रिपोर्टों के अनुसार नियमों के उल्लंघन पर दंड और कारावास का प्रावधान भी प्रस्तावित किया गया है। इसका उद्देश्य लोगों को कानून का पालन करने के लिए प्रेरित करना है। सरकार की चिंता इस बात से जाहिर होती है कि इस कानून का एक महत्वपूर्ण पहलू महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा है। कई बार लिव-इन संबंधों में महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और कानूनी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। संबंध टूटने की स्थिति में महिलाओं के लिए भरण-पोषण, संपत्ति और बच्चों की देखभाल से जुड़े प्रश्न उत्पन्न होते हैं। प्रस्तावित कानून इन समस्याओं के समाधान के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान करने का प्रयास करता है। महिलाओं को सुरक्षा देने के लिए इसके अतिरिक्त, लिव-इन संबंधों से जन्म लेने वाले बच्चों को भी समान अधिकार देने का प्रावधान किया गया है। सरकार का मानना है कि किसी बच्चे के अधिकार उसके माता-पिता की वैवाहिक स्थिति पर निर्भर नहीं होने चाहिए। इसलिए ऐसे बच्चों को उत्तराधिकार और अन्य कानूनी अधिकार प्रदान करने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। उपरोक्त बिंदु से सरकार की मंशा साफ है कि वह हर स्थिति में ऐसे रिश्ते में रहने वाली स्त्री को सुरक्षा दिलाना चाहती है। अब इसके बाद समाज का दायित्व होता है कि कानूनन लिव-इन रिलेशनशिप भले ही नाजायज ना हो लेकिन समाज की दृष्टि में वह जायज नहीं है। भारतीय कानून ने ही



विवाह के लिए लड़के और लड़की की उम्र का निर्धारण कर उसे वयस्क अथवा अवस्यक बताया है। रूढ़िवादी भारतीय समाज का मानस बदलने के लिए राजा राममोहन राय ने विधवा विवाह परंपरा की शुरूआत की। जो लोग अकेले हो गए हैं, उसे सनातनी संस्कृति में नवजीवन शुरू करने का प्रावधान है फिर यह लिव-इन रिलेशनशिप जैसे रिश्तों में उलझने की जरूरत ही क्या है। जब लोग लिव-इन रिलेशनशिप के खतरे को समझ जाएंगे या मानने लगेंगे तो सरकार और कानून पर पड़ने वाला अतिरिक्त दबाव स्वयमेव समाप्त हो जाएगा। कथित विकासवादी सोच के लोगों के लिए लिव-इन रिलेशनशिप जरूरी हो सकता है औवे राज्य शासन के प्रस्तावित प्रावधान के खिलाफ हैं। प्रावधान पर कुछ आलोचकों का कहना है कि लिव-इन संबंध व्यक्तिगत स्वतंत्रता का विषय है और अनिवार्य पंजीकरण से निजता के अधिकार पर प्रभाव पड़ सकता है। उनका मानना है कि राज्य को व्यक्तिगत संबंधों में अत्यधिक हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। वहीं कुछ लोग इसे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम मानते हैं। कानूनी विशेषज्ञों का मत है कि यदि इस कानून को संतुलित तरीके से लागू किया जाए, तो यह सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए, जिन्हें लिव-इन संबंध टूटने के बाद कानूनी संरक्षण प्राप्त नहीं हो पाता, यह कानून सहायक सिद्ध हो सकता है। दूसरी ओर, कानून बनाते समय व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता के संवैधानिक अधिकारों का भी ध्यान रखना आवश्यक है। कुछ सामाजिक विचारकों और पारंपरिक दृष्टिकोण रखने वाले लोगों के अनुसार लिव-इन रिलेशनशिप को कानूनी मान्यता मिलने से विवाह संस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। विवाह भारतीय समाज की एक प्राचीन और महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था रही है, जो केवल दो व्यक्तियों का नहीं बल्कि दो परिवारों का भी संबंध मानी जाती है। यदि बिना विवाह के साथ रहने को कानूनी संरक्षण प्राप्त होता है, तो युवाओं में विवाह के प्रति प्रतिबद्धता और उसकी सामाजिक महत्ता कम हो सकती है। लिव-इन संबंध अपेक्षाकृत कम औपचारिक और आसानी से समाप्त किए जा सकने वाले संबंध माने जाते हैं। इससे दीर्घकालिक पारिवारिक स्थिरता प्रभावित होने की आशंका व्यक्त की जाती है। कुछ लोगों का मानना है कि इससे विवाह, परिवार और पारंपरिक सामाजिक मूल्यों के प्रति लोगों की आस्था कमजोर हो सकती है। इसके अतिरिक्त, पारिवारिक जिम्मेदारियों, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा बच्चों के पालन-पोषण से जुड़ी पारंपरिक धारणाओं में भी परिवर्तन आ सकता है। यह एक दृष्टिकोण मात्र है। कई विशेषज्ञों का मत है कि किसी भी संबंध की मजबूती केवल कानूनी व्यवस्था पर नहीं, बल्कि आपसी विश्वास, जिम्मेदारी और सामाजिक परिस्थितियों पर निर्भर करती है। इसलिए विवाह संस्था पर वास्तविक प्रभाव समय के साथ सामाजिक परिवर्तनों के आधार पर ही स्पष्ट हो सकेगा। कहा जा सकता है कि मध्य प्रदेश में लिव-इन रिलेशनशिप से संबंधित प्रस्तावित कानून भारतीय समाज और कानूनी व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन का संकेत देता है। यह कानून एक ओर महिलाओं और बच्चों के अधिकारों को मजबूत करने का प्रयास करता है, वहीं दूसरी ओर व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता के अधिकार को लेकर नई बहस उत्पन्न हो गई है। समय-समय पर डॉक्टर भी सजग करते रहे हैं कि अधिक उम्र में विवाह अनेक शारीरिक समस्या का कारण बनता है, खासतौर पर माँ-बाप बनने में वहीं लिव-इन रिलेशनशिप में आप संतान उत्पत्ति के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन बच्चे के कानूनी अधिकार पर सब खामोश हैं और ऐसे में राज्य सरकार का प्रावधान अनुकूल है। भारतीय समाज में यह अंधानुकरण भविष्य के लिए खतरा साबित हो रहा है। रिश्तों में अविश्वास उत्पन्न हो गया और युवा वर्ग लिव-इन रिलेशनशिप में स्वतंत्रता को स्वच्छंदता समझ बैठा है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
वैवाहिक जीवन में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अपने खर्चों पर नियन्त्रण रखें। अहंकार को अपने ऊपर हावी न होने दें।

**वृषभ**
नया काम आरम्भ करना चाह रहे हैं, तो आपको अपनी योजनाओं में परिवर्तन करना पड़ सकता है। धन सम्बन्धी परेशानियों को दूसरों से साझा न करें।

**मिथुन**
जीवनसाथी के साथ रिश्ते काफी रोमान्टिक रहेंगे। आपकी सम्वादशैली अत्यन्त आकर्षक रहेगी। रचनात्मक क्षमता का कारोबार में लाभ मिलेगा।

**कर्क**
विदेशी कम्पनियों से आपको नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आपके मित्र आपसे कुछ अपेक्षायें रखेंगे। जिन्हें आपको पूरा करना पड़ेगा।

**सिंह**
जॉब में महत्त्वपूर्ण पद मिल सकता है। साझेदारी के कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। जो काम किसी अभाव के कारण शुरू नहीं कर पा रहे थे, वो आप शुरू कर लेंगे।

**कन्या**
व्यवसाय में अपेक्षित लाभ मिलने के आसार कम हैं। आपको शारीरिक कष्ट होने की सम्भावना है। शत्रु आपका काम बिगाड़ने का प्रयास करेंगे।

**तुला**
आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अटके हुये काम शुरू होने के योग बन रहे हैं। परिवार में सौहाद्र का वातावरण रहेगा। दोस्तों से आपको धन-लाभ प्राप्त होगा।

**वृश्चिक**
आपका स्वास्थ्य बेहतरीन रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। पुरानी चिन्ता दूर होगी।

**धनु**
जमा पूँजी अनावश्यक कार्यों में खर्च हो सकती है। अपने निर्णय पर कायम रहें। दूसरों की मदद करने से पीछे न हटें। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**मकर**
धर्म-कर्म को लेकर आपके मन में अनास्था उत्पन्न हो सकती है। नसों में खिंचाव और दर्द की समस्या होगी। स्वास्थ्य समस्या को लेकर परेशानी होने की सम्भावना है।

**कुंभ**
आप अपनी दिनचर्या में परिवर्तन कर सकते हैं। पुरुष जातकों को महिलाओं से सहायता मिलेगी। सभी कार्यों में सफलता मिलने से आप उत्साहित रहेंगे।

**मीन**
आप जिस काम की काफी समय से योजना बना रहे थे, उसे शुरू कर सकते हैं। तकनीक में अत्यधिक धन खर्च कर सकते हैं। रुके कार्यों में गति आने से आपको लाभ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आरपीएस टीचर्स ट्रेनिग कॉलेज में बीएड कोर्स का सत्रारम्भ

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आरपीएस टीचर्स ट्रेनिग कॉलेज, दानापुर, पटना में बीएड सत्र 2026-28 प्रथम वर्ष का सत्रारम्भ कार्यक्रम आयोजित हुआ। सत्रारम्भ कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. (डा.) रिपुसुदन श्रीवास्तव, पूर्व कुलपति बीएन मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा एंव प्रो. (डा.) रासबिहारी सिन्हा पूर्व कुलपति पटना विश्वविद्यालय ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित करके पूर्ण किया। कार्यक्रम के विषय में विस्तार से प्रकाश डालकर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डा.) प्रभाकर तिवारी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कॉलेज के सचिव ने अतिथियों का सम्मान करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।



### चारा काटने के दौरान बुजुर्ग का हाथ मशीन से कटा

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र अंतर्गत कन्हाईपुर गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। मवेशी का चारा काटने के दौरान 60 वर्षीय बुजुर्ग रामस्वरूप प्रसाद का एक हाथ चारा काटने वाली मशीन की चपेट में आकर शरीर से अलग हो गया।बताया जा रहा है कि बुजुर्ग अपने घर पर चारा काटने वाली मशीन से चारा काट रहे थे, तभी अचानक उनका हाथ मशीन में फंस गया। हादसा इतना भयानक था कि देखते ही देखते उनका पूरा हाथ कई टुकड़ों में कट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।परिजन और ग्रामीण आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को लेकर बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बुजुर्ग की नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया।

### पुनपुन में बसपा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बहुजन समाज पार्टी के मसौढ़ी विधानसभा के कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आगामी 26 जुलाई को पुनपुन में आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर संजीत कुमार, मसौढ़ी विधानसभा प्रभारी और चितरंजन कुमार, महासचिव ने मंगलवार को क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करते हुए जनता और कार्यकर्ताओं से संपर्क किया।नेताओं ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में पार्टी की नीतियों, संगठनात्मक मजबूती और आगामी चुनावों की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर जनता से जुड़ने और पार्टी का संदेश घर-घर तक पहुंचाने के गुर सिखाए जाएंगे।संजीत कुमार ने कहा कि बसपा कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय करने के लिए इस तरह के प्रशिक्षण जरूरी हैं। चितरंजन कुमार ने अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता शिविर में भाग लें और पार्टी को मजबूत बनाएं।इस दौरान दोनों नेताओं ने गांव-गांव जाकर लोगों से मिलकर उन्हें 26 जुलाई के कार्यक्रम में आमंत्रित किया।



### संत कैरेंस हाई स्कूल को भी मिली बम से उड़ाने की धमकी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के गोला रोड स्थित संत कैरेंस हाई स्कूल को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस मामले में स्कूल प्रशासन ने धमकी मिलने के एक दिन बाद पुलिस को इसकी सूचना दी। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां स्कूल परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और धमकी भरे ईमेल की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ईमेल भेजने वाले की पहचान और धमकी की सत्यता का पता लगाने में जुटी है। दानापुर के डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि ईमेल के माध्यम से धमकी दी। मंगलवार को जो अन्य स्कूलों को धमकी भरा ईमेल मिला था वह वहीं ईमेल है। बम जैसी संवेदनशील धमकी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करना अनिवार्य था। मगर स्कूल प्रशासन द्वारा सूचना देने में एक दिन की देरी से किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटना मुश्किल हो सकता है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां ईमेल के स्त्रोत और उससे जुड़े सभी तकनीकी पहलुओं की गहन जांच कर रही हैं। सूचना मिलने के बाद छात्रों की छुट्टी कर स्कूल की विस्तृत जांच पड़ताल की गई है।

### पूर्व नप अध्यक्ष राज किशोर यादव की छठी पुण्यतिथि मनी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्गीय राज किशोर यादव की छठी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस खास मौके पर नगर परिषद कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां उनकी पुत्रवधू व पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. अनु कुमारी ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नम आंखों से याद किया। इस श्रद्धांजलि सभा में परिवार के सदस्यों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उनके बताए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वर्गीय राज किशोर यादव के पुत्र प्रेम किशोर, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजनाथ राजू जायसवाल,पूर्व प्रमुख मनोज कुमार,पूर्व पार्षद पार्वती देवी, पार्षद प्रतिनिधि अविनाश कुमार उर्फ भंटा गोप, अखिलेश कुमार,पप्पू शर्मा,राकेश गोप, बृज कुमार,पीए राज किशोर यादव सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने उनके सामाजिक कार्यों और क्षेत्र के विकास में दिए गए योगदान को याद किया।



### पाटलिपुत्र सैटेलाइट टाउन लैंड पूलिंग के खिलाफ किसानों का धरना

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खेत-खेती-किसान बचाओ, कॉरपोरेट लूट का राज मिटाओ के नारे के साथ मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर पुनपुन प्रखंड मुख्यालय पर विशाल धरना दिया गया। अखिल भारतीय किसान महासभा की ओर से आयोजित इस धरने में पाटलिपुत्र सैटेलाइट टाउनशिप के लिए लैंड पूलिंग के तहत कृषि भूमि हड़पने की साजिश और भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। इसे किसान विरोधी संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया।.धरने की अध्यक्षता किसान महासभा नेता मुन्ना चौहान ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय नेता व घोसी के पूर्व विधायक रामबली सिंह यादव ने कहा कि केंद्र और बिहार सरकार लगातार किसान विरोधी नीतियां अपना रही है। कृषि योग्य भूमि को हड़पने और तमाम तरह के समझौते कर किसानों के साथ विश्वासघात और गद्दारी की जा रही है।उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार खाद, बीज सहित किसानों की जरूरी चीजों की अनदेखी कर रही है और कॉरपोरेट कंपनियों को मालामाल करने के लिए नीतियां बना रही है।



# तारेगना रेलवे चार्ट झोपड़पट्टी के खिलाफ अतिक्रमण हटाओ अभियान, 50 झोपड़ियां ध्वस्त

**15 दिन पहले दिया गया था नोटिस, पूर्वी भाग में बनी झोपड़ियों और पुराने ऑयल डिपो को बुलडोजर से हटाया**





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड के तारेगना रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को रेलवे प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। इस दौरान स्टेशन के पूर्वी भाग में बसी लगभग 50 झोपड़ियों को बुलडोजर से पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। जानकारी के अनुसार स्टेशन के पूर्वी भाग में बड़ी संख्या में झोपड़ियां बसी हुई थीं। इसके कारण रेलवे के रख-रखाव और सुरक्षा कार्य बाधित हो रहे थे। रेलवे प्रशासन ने 15 दिन पहले सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर खाली करने का निर्देश दिया था। मंगलवार को आरपीएफ सर्किल इंस्पेक्टर मनोज कुमार,एवं पुलिस निरीक्षक प्रदीप कुमार जीआरपी रेल थानाध्यक्ष सोनू कुमार और मजिस्ट्रेट के तौर पर अंचलाधिकारी ऋषिकेश कुमार की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। बुलडोजर से झोपड़पट्टियों को साफ कर दिया गया। अभियान के दौरान कुछ लोगों ने विरोध भी किया। झोपड़ी में रहने वाली कौशल्या देवी, बसंती देवी, राजमणि देवी, सुगनी देवी, राखी देवी सहित कई महिलाओं ने कहा कि वर्ष 1990 से हम सभी लोग यहां पर झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं और अब बरसात के मौसम में छोटे बच्चों के साथ वे कहां जाएंगी। कई लोग बीमार और डिलीवरी के मरीज भी हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि हटाने से पहले रहने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था दी जाए। उनका कहना है कि वे सभी दिहाड़ी मजदूरी कर गुजारा करने वाले गरीब लोग हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इसके पहले स्टेशन के पश्चिमी भाग में बने पुराने ऑयल डिपो को भी हटाया गया है। उसका लीज बहुत पहले खत्म हो चुका था और वहां भी अतिक्रमण हो गया था। रेलवे प्रशासन ने सख्त निर्देश दिया है कि अब रेलवे चार्ट की जमीन पर कोई अतिक्रमण नहीं करेगा। न कोई दुकान लगेगी और न ही झोपड़ी या पक्का मकान बनाया जाएगा। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मोकामा में स्कूल की जमीन पर अतिक्रमण

**सीसीएम स्कूल का खेल परिसर बना वाहन पार्किंग और शौचालय स्टैंड**






**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा सी ग्रेड टाउन नगर परिषद्, वार्ड नं 02 में अवस्थित ऐतिहासिक सी. सी. एम. स्कूल का खेल परिसर एवं टाउन हॉल परिसर विगत वित्तीय वर्ष 2020-21 से लगातार अतिक्रमण का शिकार है।नगर परिषद कार्यालय द्वारा बड़े-छोटे वाहनों और चलंत शौचालयों को स्कूल के खेल मैदान में खड़ा कर अतिक्रमण किया गया है, जिससे बच्चों के खेलने-कूदने और शारीरिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।इस अतिक्रमण को मुक्त कराने के लिए स्थानीय स्तर पर श्री कृष्ण गौशाला के सचिव चंदन कुमार 06 अप्रैल को एक दिवसीय मौन सत्याग्रह भी किया गया था। इस दौरान अनुमंडल कार्यालय बाढ़ द्वारा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मोकामा को मजिस्ट्रेट के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था।सत्याग्रह के दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मोकामा सीसीएम को अतिक्रमण मुक्त और सौंदर्यीकरण सह चहारदीवारी निर्माण से संबंधित आवेदन भी सौंपा गया था।चंदन कुमार ने बताया पत्राचार के बाद भी व्यवस्था शून्य पड़ी है।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मोकामा द्वारा इस मामले में प्रभारी प्रधानाध्यापक सी सी एम स्कूल के साथ मिलकर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पटना, जिला शिक्षा पदाधिकारी पटना, अंचलाधिकारी मोकामा, नगर परिषद् कार्यपालक पदाधिकारी मोकामा और थानाध्यक्ष मोकामा को पत्राचार किया गया, लेकिन खेद है कि आज तक सारी व्यवस्था और कार्रवाई शून्य साबित हुई।श्री कृष्ण गौशाला के सचिव द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई गई।सहयोग पोर्टल आवेदन संख्या- REE335528 पर नगर परिषद् मोकामा के कर्मी स्वच्छता निरीक्षक अजय कुमार द्वारा 13 जून को रिपोर्ट किया गया कि अतिक्रमण नहीं है। वहीं सहयोग पोर्टल पंजीकरण संख्या- REF511364 दिनांक 10 जुलाई को जानकारी साझा की गई कि किसी भी प्रकार का शिक्षा विभाग से किराया नहीं मांगा गया है, ना ही नगर परिषद् द्वारा अतिक्रमण है। श्री कृष्ण गौशाला के सचिव चंदन कुमार, प्रणव शेखर शाही और कुणाल राणा के अनुसार हकीकत यह है कि सी सी एम स्कूल का खेल परिसर वर्षों से अतिक्रमण की चपेट में है और तस्वीरें खुद गवाही दे रही हैं।

### डकैती कांड में फरार अभियुक्त गोविंद कुमार गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लूट एवं डकैती कांड में फरार चल रहे अभियुक्त गोविंद कुमार उर्फ गोंवड, पिता विनय प्रसाद, निवासी कोल्हार, फतुहा को धनरुवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त दो अलग-अलग मामलों में शामिल था। पहला मामला धनरुवा थाना कांड संख्या 400/24 का है। वादी निरंजन कुमार, पिता भारत प्रसाद, निवासी जवाहरपुर, कोरिया, दुल्हीनन बाजार ने आवेदन में लिखा था कि पटना से 10 एमटी छड लदा ट्रैक्टर धनरूआ की ओर जा रहा था जहाँ हथियार के बल पर एक बोलेरो के माध्यम से टेकओवर कर दरधा पुल के पास लूट लिया गया था। दूसरा मामला मार्कंडेय तिवारी, पिता ईश्वरी कुमार तिवारी, निवासी पंचशील नगर, दानापुर से जुड़ा है। उन्होंने 13.06.2024 को आवेदन दिया था कि जब वे पटना से गोपालगंज गांव से लौटे तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और लाखों रुपये के आभूषण व नकदी की चोरी हो चुकी थी। पुलिस जांच में दोनों मामलों में गोविंद कुमार की संलिप्तता पाई गई थी। जिसके बाद पुलिस ने उसे कोल्हार, फतुहा से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है और अन्य संलिप्त लोगों की तलाश जारी है।

# श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय में इंडक्शन मीट का आयोजन

**शिक्षा अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है : प्राचार्य डॉ. शिवचंद्र सिंह**






**दनियावां (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय में नए छात्र-छात्राओं के स्वागत और मार्गदर्शन के लिए आयोजित इंडक्शन मीट के दूसरे दिन बुधवार को प्राचार्य डॉ. शिवचंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को सफलता का मूलमंत्र दिया। करीब 70 मिनट के संबोधन में प्राचार्य ने अपने जीवन संघर्ष के अनुभव साझा करते हुए कहा कि शिक्षा ज्ञान की वह ज्योति है जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास और परिश्रम से सफलता अवश्य मिलती है। माता-पिता सर्वश्रेष्ठ गुरु हैं। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से कहा कि कक्षा में 75% उपस्थिति अनिवार्य है। महाविद्यालय में अनुशासन का पालन करें और समय पर क्लास अटेंड करें। उन्होंने इंटरनल एग्जाम और अटेंडेंस के नियमों की भी जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में उपलब्ध लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, स्पोर्ट्स ग्राउंड और जिम जैसी सुविधाओं के बारे में बताया और उनका सही उपयोग करने का तरीका समझाया। प्राचार्य ने कहा कि किसी दबाव में न आकर अपनी पढ़ाई और संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास पर ध्यान दें और इस उन्मुक्त प्राकृतिक युक्त प्रांगण में विद्या के वैभव को प्राप्त करें।

**विभागाध्यक्ष ने किया मंच संचालन**

कार्यक्रम का मंच संचालन राजनीति शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. अभिषेक कुमार ने किया। उन्होंने महाविद्यालय के इतिहास, उपलब्धियों और शिक्षकों-कर्मचारियों का परिचय कराया। डॉ. अभिषेक ने अपने उद्बोधन में प्रेरक पंक्तियों और शेरो-शायरी से 500 से अधिक उपस्थित छात्र-छात्राओं का मन मोह लिया।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में महाविद्यालय की शिक्षिका व एनएसएस पदाधिकारीए डॉ. पिंकी कुमारी, डॉ. अश्विनी कुमार झा, डॉ. सम्राट सरकार,मीडिया कर्मी व non-teaching संघ के अध्यक्ष डॉ.राजीव नयन, तकनीकी कर्मी मधुसूदन कुमार, राजा कुमार, नवीन कुमार,मुनील पटेल आदि शामिल थे।

# पालीगंज पुलिस ने चोर गिरोह का किया पदार्फाश, छह गिरफ्तार

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना पुलिस ने क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए स्थानीय चोर गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर चोरी के कई सामान भी बरामद किए हैं। बरामद सामानों में एक एसी, दो एलईडी टीवी, आठ पंखे, सात मोटर, मोबाइल फोन, मोबाइल चार्जर, ई-रिक्शा के पुर्जे तथा अन्य घरेलू उपयोग की सामग्री शामिल है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान भगजोगा गांव निवासी हृदयानंद के पुत्र प्रिंस कुमार, मिल्की गांव निवासी उदय प्रसाद के पुत्र रंजीत कुमार, बॉलीपाकड़ निवासी गणेश मांझी के पुत्र जितेंद्र कुमार उर्फ रुखिया तथा बॉलीपाकड़ निवासी मनोज कुमार के पुत्र आजाद कुमार के रूप में हुई है। इसके अलावा दो नाबालिगों को भी पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, बीते दिनों नगर बाजार के धरहरा स्थित एक ई-रिक्शा सर्विस सेंटर में चोरी की घटना हुई थी। मामले के अनुसंधान के दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उन्होंने धरहरा मोड़ स्थित बंद पड़े खाना खजाना रेस्टोरेंट सहित नगर बाजार के कई घरों में हुई चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। आरोपितों ने बताया कि उन्होंने बंद पड़े रेस्टोरेंट का ताला तोड़कर वहां लगे एसी, एलईडी टीवी, पंखे समेत अन्य सामान चोरी कर लिए थे। इसके अलावा नगर बाजार के कई घरों से भी कीमती सामानों की चोरी की गई थी। उल्लेखनीय है कि संबंधित रेस्टोरेंट को पूर्व में अनैतिक गतिविधियों के आरोप में पुलिस ने सील कर दिया था तथा उसके संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। रेस्टोरेंट बंद होने के बाद चोरों ने उसे निशाना बनाया। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ-साथ चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी दुकानदारों के नाम भी बताए। इसके आधार पर पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर चोरी में शामिल आरोपितों एवं कबाड़ी दुकानदारों समेत कुल दस लोगों को हिरासत में लिया। पालीगंज थाना में गहन पूछताछ के बाद चार लोगों को पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिलने पर छोड़ दिया गया, जबकि छह आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



### अभया ब्रिगेड की नोडल पदाधिकारी प्रेमलता कुमारी ने विद्यालयों में चलाया जागरुकता अभियान

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय तोरनी, नगवां एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुर नगवां में अभया ब्रिगेड की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभया ब्रिगेड की नोडल पदाधिकारी एसआई प्रेमलता कुमारी ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, मानव तस्करी, साइबर अपराध, बाल विवाह, बाल श्रम एवं पॉक्सो अधिनियम सहित विभिन्न सामाजिक एवं कानूनी विषयों की जानकारी दी। एसआई प्रेमलता कुमारी ने कहा कि मानव तस्करी एक जघन्य अपराध है और इससे बचाव के लिए जागरूकता सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने छात्राओं को किसी भी अनजान व्यक्ति के बहकावे या लालच में नहीं आने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल अपने माता पिता के साथ साथ पुलिस या संबंधित अधिकारियों को देने की सलाह दी।



# उज्ज्वल भविष्य की ओर पहला कदमः टी.पी.एस. कॉलेज में इंडक्शन मीट

**टी.पी.एस. कॉलेज में स्नातक सत्र (2026-2030) के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए दो सत्रों में भव्य इंडक्शन मीट आयोजित**







**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना में स्नातक सत्र , 2026-2030 के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन के उद्देश्य से दिनकर सभागार में दो सत्रों में इंडक्शन मीट का भव्य आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में विज्ञान संकाय तथा द्वितीय सत्र में कला एवं मानविकी (सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी) संकाय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। दोनों सत्रों की अध्यक्षता आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. (डॉ.) रूपम ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. (डॉ.) रूपम ने कहा कि इंडक्शन मीट विद्यार्थियों के महाविद्यालय जीवन की एक सशक्त शुरूआत है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 विद्यार्थियों को बहुविषयक शिक्षा, कौशल विकास, अनुसंधान, नवाचार तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए तैयार करती है। प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि प्रो. परमेन्द्र रंजन सिंह, प्राचार्य, गंगा कॉलेज, छपरा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय जीवन व्यक्तित्व निर्माण, ज्ञानार्जन तथा उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर निरंतर अध्ययन करने की प्रेरणा दी। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि प्रो. श्यामल किशोर, प्राचार्य, रामेश्वर कॉलेज, मुजफ्फरपुर ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के महत्व, अनुशासन, चरित्र निर्माण एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रेरित किया। इस सत्र में स्वागत भाषण डॉ. मुकुंद कुमार ने दिया। इंडक्शन मीट के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं परीक्षा प्रणाली, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, पुस्तकालय, विभिन्न प्रयोगशालाओं, आईक्यूएसी की गतिविधियों, एनएसएस, एनसीसी, खेलकूद एवं फिटनेस सेंटर, सांस्कृतिक समिति, छात्र सहायता सेवाओं, नवाचार एवं शोध गतिविधियों, कैरियर मार्गदर्शन, अनुशासन तथा महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं एवं अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष एवम शिक्षक के साथ छात्र प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### भारतीय किसान संघ का किसान संवाद आयोजित, राष्ट्रीय अध्यक्ष के. साई रेड्डी ने सुनी किसानों की समस्याएं



**पालीगंज (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय किसान संघ के तत्वावधान में बुधवार को विक्रम स्थित पाटलिपुत्र रिसोर्ट में 'किसान संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संघ के अखिल भारतीय राष्ट्रीय अध्यक्ष के. साई रेड्डी ने बिहार के विभिन्न जिलों से आए लगभग 300 किसान प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। संवाद के दौरान किसान प्रतिनिधियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार से जुड़ी कृषि, सिंचाई, बीज, उर्वरक, फसल मूल्य, कृषि योजनाओं सहित विभिन्न महत्वपूर्ण समस्याओं को विस्तार से रखा। राष्ट्रीय अध्यक्ष के. साई रेड्डी ने किसानों की समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा करते हुए उनके समाधान के लिए संबंधित सरकारों तक सभी मुद्दों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान संघ किसानों के हितों की रक्षा के लिए लगातार संघर्षरत है और उनकी आवाज को हर स्तर तक पहुंचाने का कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय किसान संघ के क्षेत्र संगठन मंत्री हेमराज जी ने संगठन की कार्यप्रणाली, उद्देश्य एवं विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### ग्राहकों का भरोसा बढ़ा, बंधन बैंक का कारोबार 3.2 लाख करोड़ रुपए के पार

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** किसी भी बैंक की मजबूती का सबसे बड़ा पैमाना उसके ग्राहकों का भरोसा होता है। जब ज्यादा लोग बैंक में पैसा जमा करते हैं और उसकी सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं, तो यह उसी विश्वास का संकेत होता है। बंधन बैंक के पहली तिमाही के नतीजे भी कुछ ऐसी ही तस्वीर पेश करते हैं। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में बैंक का कुल कारोबार 11% बढ़कर 3.2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया। बैंक की कुल लोन बुक 16% बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपए और कुल डिपॉजिट 7% बढ़कर 1.65 लाख करोड़ रुपए दर्ज किए गए। कुल जमा राशि में रिटेल डिपॉजिट की हिस्सेदारी 74% रही। वहीं, बैंक का कासा अनुपात 29.4%, कैपिटल एडिक्वेसी रेश्यो 18.2% और शुद्ध मुनाफा 502 करोड़ रुपए रहा।

# पीएमआईआरः रोजगार के उभरते नए आयाम : डॉ. श्वेता

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पी एम आई आर पाठ्यक्रम युवाओं के लिए बेहतरीन करियर विकल्प बनकरउभराहैआधुनिक कार्यस्थल में कार्मिक प्रबंधन एवं औद्योगिक संबंध केवल एक विषय नहीं है-यह गतिशील करियर और नेतृत्व के अवसरों का द्वार है। आज की तेजी से बदलती दुनिया में, पीएमआईआर सबसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक विषयों में से एक के रूप में उभराहै। वर्तमान में ए.एन. कॉलेज, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना में एम.ए. इन पीएमआईआर सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है, जो कि एक पूर्णतः नियमित कोर्स है। बहुत जल्द कॉलेज की प्राचार्ये प्रो. रत्ना अमृत के प्रयासों से पीएमआईआर इन यूजी यानी स्नातक स्तर के कोर्स की भी शुरूआत होने जा रही है। बदलते आर्थिक परिदृश्य और नए श्रम कानूनों के आने के बाद कॉरपोरेट जगत और सरकारी क्षेत्रों में पीएमआईआर विशेषज्ञों की मांग तेजी से बढ़ी है। इस क्षेत्र में पढ़ाई करने के बाद युवा इन क्षेत्रों में एक बेहतरीन करियर बना सकते है।

**कॉर्पोरेट क्षेत्रः** एचआर एग्जीक्यूटिव, एचआर मैनेजर, टैलेंट एक्विज़िशन स्पेशलिस्ट और कम्पेन्सेशन मैनेजर जैसे पदों पर बंपर नियुक्तियाँ होती हैं।

**सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम :** कोल इंडिया, ओएनजीसी , एनटीपीसी , भेल और बैंकिंग सेक्टर में हर साल पर्सनल ऑफिसर/ वेल्फेयर ऑफिसर के पदों पर सीधी भर्तियाँ होती हैं।



**औद्योगिक संबंध और श्रम कानून :** मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों में प्रबंधन और श्रमिकों के बीच बेहतर तालमेल बिठाने के लिए आई आर मैनेजर या लेबर रिलेशन ऑफिसर की भूमिका अनिवार्य होती है।

**प्रशासनिक एवं सरकारी सेवाएं:** राज्य लोक सेवा आयोगों और केंद्र सरकार द्वारा आयोजित परीक्षाओं के माध्यम से लेबर इंफोर्समेंट् ऑफिसर, लेबर सुपरिंटेंडेंट, प्रोविडेंट फंड कमिशनर, सहायक लेबर कमिशनर जैसे प्रतिष्ठित पदों पर पीएमआईआर के छात्रों को विशेष प्राथमिकता मिलती है।

**शिक्षण और शोधः** छात्र नेट की परीक्षा पास कर विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में सहायक प्राध्यापक के रूप में भी अपना करियर बना सकते हैं। पीएमआईआर पाठ्यक्रम छात्रों को उज्ज्वल करियर, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक न्याय में योगदान देने का अवसर प्रदान करता है। वर्तमान में चल रहे रेगुलर पीजी कोर्स के साथ-साथ आगामी यूजी कोर्स की शुरूआत बिहार के उच्च शिक्षा और रोजगार के परिदृश्य में एक मील का पत्थर साबित होगी, जिससे छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा। ए.एन. कॉलेज, पटना का पीएमआईआर विभाग आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और शैक्षणिक सुविधाओं से सुसज्जितहै। ।विभाग में सुव्यवस्थित कक्षाएँ, प्रोजेक्टर और डिजिटल शिक्षण साधन उपलब्ध हैं, पुस्तकालय में मानव संसाधन प्रबंधन, औद्योगिक संबंध और श्रम कानूनों से संबंधित समृद्ध संग्रह है। विभागीय सेमिनार हॉल में नियमित कार्यशालाएं, अतिथि व्याख्यान और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जातेहैं। इन सभी सुविधाओं का उद्देश्य छात्रों को शैक्षणिक कठोरताकेसाथसाथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है, ताकि वे कॉर्पोरेट और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में सफल करियर बना सकें।

## डीएम-एसपी ने साइबर क्राइम को ले छात्रों को किया जागरूक



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छात्रों को ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल खतरों से बचने के लिए बुधवार को जी.ए. इंटर स्कूल, हाजीपुर में स्पेशल क्राइम सह साइबर क्राइम के द्वारा एक व्यापक साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग करने के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी, डिज़िटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, फिशिंग लिंक, सोशल मीडिया सुरक्षा, ओटीपी एवं व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने, डिजिटल भुगतान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों सहित विभिन्न साइबर अपराधों से बचाव के प्रभावी उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही छात्रों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध साइबर गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दें तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल का आवश्यकता पड़ने पर उपयोग करें।

# राशन कार्ड निर्माण कार्य को मिशन मोड में पूरा करें : डीएम

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह की अध्यक्षता में आज राशन कार्ड निर्माण कार्य की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि राशन कार्ड निर्माण कार्य को मिशन मोड में संचालित करते हुए जिले के सभी पात्र लाभुकों को समयबद्ध रूप से आच्छादित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी पात्र परिवार का नाम राशन कार्ड से वंचित न रहे। विशेष रूप से महादलित टोलों में सघन एवं विशेष अभियान चलाकर यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी पात्र महादलित परिवार छूटने न पाए। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी




संभव है जब अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक समय पर सुविधा पहुंचे। डीएम ने विकास मित्रों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के महादलित टोलों में घर-घर पहुंचकर पात्र परिवारों की पहचान करें, आवश्यक कागजात संकलित करें, आवेदन प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग दें तथा किसी भी पात्र परिवार को योजना के लाभ से वंचित न रहने दें। डीएम ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, आपूर्ति निरीक्षकों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय, टीम भावना और पूर्ण सहयोग के साथ कार्य करें तथा राशन कार्ड निर्माण के शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही अथवा विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही तय की जाए और लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

## मुख्यमंत्री को आभार व धन्यवाद यात्रा करते रसूलपुर में पहुंचे पंचायत प्रतिनिधियों का स्वागत

**बापू सभागार पटना में होगी रैली, मुख्यमंत्री करेंगे संबोधित**



**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नये परीसिमन से पंचायत चुनाव कराने को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति आभार व धन्यवाद यात्रा करते राज्य के पंचायत प्रतिनिधि पदाधिकारी बुधवार को रसूलपुर चट्टी पहुंचे। प्रदेश मुखिया संघ के अध्यक्ष मिथिलेश राय,पंच सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमोद कुमार, जिला परिषद संघ के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा कुमारी, मुखिया संघ उपाध्यक्ष विनय भूषण सिंह,प्रमुख संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जयमाला पासवान आदि का भव्य स्वागत किया गया। अपने संबोधन में यात्रा पर निकले पंचायत प्रतिनिधियों के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नये परीसिमन पर चुनाव का ऐतिहासिक निर्णय से विकास से वंचित गांव और ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।इसके लिए बहुत जल्द बापू सभागार पटना में अभूतपूर्व और ऐतिहासिक रैली होगी जिसे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी संबोधित करेंगे।अपने संबोधन में पंचायत प्रतिनिधि पदाधिकारियों ने कहा कि मुखिया,सरपंच से वापस लिया गया अधिकार को सरकार जरूर लौटायेगी और प्रतिनिधियों के पेंशन की लड़ाई भी संघ लड़ेगा। धन्यवाद ज्ञापन और स्वागत रसूलपुर के मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद द्वारा किया गया। मौके पर रसूलपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद,सरपंच प्रतिनिधि विकास कुमार,असहनी मुखिया अखिलेश, अतरसन मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार,नवादा के मुखिया गणेश शाह, उपमुखिया मनोज सोनी आदि मौजूद रहे।

**रसूलपुर क्षेत्र की रैली में एतिहासिक भूमिका होगी- मिथिलेश**

जनप्रतिनिधियों को स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन करते स्थानीय रसूलपुर के मुखिया पति और प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद ने कहा कि पंचायत जनप्रतिनिधियों की रैली में रसूलपुर एकमा की भूमिका ऐतिहासिक होगी। कहां कि इसकी तैयारी वे सब स्थानीय प्रतिनिधियों से मिलकर अभी से शुरू कर दिया। मिथिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा नये परिसिमन के आधार पर पंचायत का चुनाव कराना ऐतिहासिक है।

## टूलकिट योजना से प्रशिक्षित युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार का संबल

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में टूलकिट योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ है। जिला पदाधिकारी वैशाली ने जिले के सभी पात्र युवाओं से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है।जिला पदाधिकारी ने कहा कि कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ने के साथ-साथ स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी क्रम में टूलकिट योजना के माध्यम से पात्र लाभुकों को उनके संबंधित ट्रेड में निःशुल्क टूलकिट उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे अपने हुनर के आधार पर आजीविका के नए अवसर सृजित कर सकें। इच्छुक अभ्यर्थी जिला नियोजनालय कार्यालय, वैशाली, हाजीपुर में उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा कर सकते हैं। डीएम ने युवाओं से अपील की है कि वे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शीघ्र आवेदन करें और स्वरोजगार की दिशा में इस अवसर का लाभ उठाएं।

## नई चीनी मिल स्थापना की संभावनाओं का दो दिवसीय तकनीकी सर्वेक्षण सम्पन्न



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिले में नई चीनी मिल की स्थापना की संभावनाओं के मद्देनजर 21 एवं 22 जुलाई 2026 को मे. निरानी सुगर्स लिमिटेड, बेंगलुरु की तकनीकी टीम द्वारा विस्तृत स्थल सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के दौरान क्रमशः मौजा ढेकहा (मोतिहारी) एवं प्रखंड पहाड़पुर क्षेत्र का निरीक्षण कर प्रस्तावित स्थलों की तकनीकी एवं आधारभूत आवश्यकताओं का आकलन किया गया। इस अवसर पर ईख पदाधिकारी, मोतिहारी, सहायक निदेशक (ईख विकास), मोतिहारी, अंचल अधिकारी तथा सहायक निदेशक (कीट), मोतिहारी सहित विभागीय अधिकारियों ने तकनीकी टीम के साथ संयुक्त रूप से स्थल भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान प्रस्तावित स्थलों की उपलब्ध भूमि, सड़क संपर्क, जल संसाधन, विद्युत सुविधा, क्षेत्र में गन्ना उत्पादन की स्थिति, किसानों की उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का गहन मूल्यांकन किया गया। विभागीय अधिकारियों द्वारा तकनीकी टीम को क्षेत्र की कृषि एवं गन्ना उत्पादन संबंधी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई, ताकि परियोजना की व्यवहार्यता का समुचित आकलन किया जा सके। यह दो दिवसीय सर्वेक्षण पूर्वी चंपारण में नई चीनी मिल की स्थापना की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। प्रस्तावित परियोजना के साकार होने से क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों को उनकी उपज का स्थानीय स्तर पर बेहतर विपणन उपलब्ध होगा, परिवहन लागत में कमी आएगी तथा रोजगार के नए अवसरों का सृजन होने के साथ-साथ क्षेत्र के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

## शहर में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाजीपुर. जिले में अपराध नियंत्रण व शराब कारोबरियों पर नकेल कसने के लिए एसपी के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग के साथ-साथ रात में हो रही पुलिस गश्ती में और तेजी लाने का निर्देश दिया गया है. इस दौरान बुधवार को शहर से लेकर ग्रामीण इलाको में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. शहर के रामाशीष चौक, महुआ मोड़, बीएसएनएल गोलंबर, पुरानी गड़क पुल सहित अन्य जगहों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, सीट बेल्ट सहित वाहनों का कागजात की जांच की गयी. एसपी निदेर्शानुसार जिले में अपराध नियंत्रण एवं आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से संपूर्ण जिला क्षेत्र में सघन जॉच अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रमुख चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों द्वारा वाहनों,पेट्रोल पम्प एवं ज्वेलरी दुकानों की गहन जांच की जा रही है। जांच के दौरान वाहन चालकों के कागजातों की सत्यापन, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान तथा अवैध वस्तुओं के परिवहन पर विशेष नजर रखी जा रही है।वैशाली पुलिस द्वारा यह अभियान अपराधियों की गतिविधियों पर नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण एवं आमजन में सुरक्षा की भावना सुद्दढ़ करने के उद्येश्य से निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान कई बाइक चालक बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट लगे वाहन चलाते पकड़ा गया। पकड़े गए वाहन चालकों से जुमार्ना राशि वसूली गई। पुलिस अधीक्षक महोदय, वैशाली के निर्देशानुसार जिले में अपराध नियंत्रण एवं आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से संपूर्ण जिला क्षेत्र में सघन जॉच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रमुख चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों द्वारा वाहनों,पेट्रोल पम्प एवं ज्वेलरी दुकानों की गहन जांच की जा रही है। जांच के दौरान वाहन चालकों के कागजातों की सत्यापन, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान तथा अवैध वस्तुओं के परिवहन पर विशेष नजर रखी जा रही है। वैशाली पुलिस द्वारा यह अभियान अपराधियों की गतिविधियों पर नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण एवं आमजन में सुरक्षा की भावना सुद्दढ़ करने के उद्येश्य से निरंतर जारी रहेगा।

## 8वीं सारण जिला योगा चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ, 150 प्रतिभागियों ने लिया भाग



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण योगा एसोसिएशन द्वारा आयोजित 8वीं सारण जिला योगा चैंपियनशिप-2026 का भव्य शुभारंभ सेंट्रल पब्लिक स्कूल, विकास नगर, चांदमारी रोड, छपरा में हुआ। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों से लगभग 150 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सेंट्रल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह एवं प्राचार्य मुरारी सिंह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि योग स्वस्थ जीवन, अनुशासन और आत्मविश्वास का आधार है तथा ऐसी प्रतियोगिताएँ युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अतुल कुमार एवं डॉ. विक्की आनंद ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए योग को जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण खेल जगत के भीष्म पितामह डॉ. सुरेश प्रसाद सिंह रहे। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि योग भारत की अमूल्य धरोहर है और युवाओं को स्वस्थ, अनुशासित एवं राष्ट्रनिर्माण के लिए समर्पित बनाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सारण योगा एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागियों ने योगासन की प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। आयोजन को सफल बनाने में एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विकाश कुमार सिंह, सचिव यशपाल कुमार सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. देव कुमार, उपाध्यक्ष संगीता सिंह, कोषाध्यक्ष प्रीति सिंह सहित सभी पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों की सराहनीय भूमिका रही। प्रतियोगिता के विजेताओं का चयन निर्णायक मंडल द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर किया जाएगा।

## डंकन अस्पताल में बाल संरक्षण व वैधानिक दत्तक ग्रहण पर जागरूकता कार्यक्रम



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बच्चों की सुरक्षा, अधिकारों की रक्षा और वैधानिक दत्तक ग्रहण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को रक्सौल के डंकन अस्पताल में विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला बाल संरक्षण इकाई, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के सहायक निदेशक के निर्देश पर विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की ओर से आयोजित किया गया, जिसमें डंकन अस्पताल का सहयोग रहा। अभियान के दौरान विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, मोतिहारी के श्याम कुमार तथा चाइल्ड हेल्पलाइन के अभिषेक कुमार ने उपस्थित लोगों को बताया कि किसी भी बच्चे को गोद लेने के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि अनधिकृत अथवा अवैध तरीके से दत्तक ग्रहण करना कानून का उल्लंघन है, इसलिए इच्छुक परिवार केवल अधिकृत संस्थानों और सरकारी एजेंसियों के माध्यम से ही प्रक्रिया पूरी करें। लोगों से अपील की गई कि यदि कोई बच्चा लावारिस, असहाय, खोया हुआ या किसी संकट की स्थिति में मिले तो उसे अपने पास रखने के बजाय तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन 112, बाल कल्याण समिति या विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के मोबाइल नंबर 9304859701 पर सूचना दें, ताकि बच्चे की सुरक्षा और पुनर्वास की समुचित व्यवस्था की जा सके।

## 25 जुलाई को मनाई जाएगी हरिशयनी एकादशी : सुशील

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आषाढ़ शुक्ल पक्ष की हरिशयनी (देवशयनी) एकादशी इस वर्ष 25 जुलाई, शनिवार को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाई जाएगी। इसी दिन से भगवान श्रीहरि विष्णु के योगनिद्रा में जाने के साथ चतुर्मास का शुभारंभ होगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस अवधि में विवाह, उपनयन और गृहप्रवेश जैसे मांगलिक कार्य स्थगित रहते हैं। व्रत का पारण अगले दिन रविवार को प्रातः 5:21 बजे के बाद जौ ग्रहण कर किया जाएगा।

# एमजीसीयू के इग्नू केंद्र में नामांकन प्रक्रिया शुरू

**प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई**




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अवसर लेकर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2026 सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि -31 जुलाई, 2026 है। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के गांधी भवन स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र (एलएससी-46040) में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश आरंभ होने के साथ ही क्षेत्र के विद्यार्थियों, नौकरीपेशा युवाओं, गृहिणियों तथा उच्च शिक्षा से वंचित रह गए लोगों के लिए अपने सपनों को साकार करने का सुनहरा अवसर उपलब्ध हो गया है। शिक्षा के क्षेत्र में विश्वसनीयता, गुणवत्ता और व्यापक पहुंच के लिए प्रसिद्ध इग्नू आज देश का सबसे बड़ा मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा विश्वविद्यालय है, जहां से प्राप्त डिग्रियां राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्य हैं और लाखों विद्यार्थी अपने भविष्य को नई दिशा दे रहे हैं। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र (एलएससी-46040) विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का ऐसा मंच बनकर उभरा है जहां आधुनिक शिक्षा, लचीली अध्ययन प्रणाली और अनुभवी शैक्षणिक मार्गदर्शन एक साथ उपलब्ध है। अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. श्याम नंदन ने बताया कि इग्नू का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना है। आज के दौर में अनेक विद्यार्थी आर्थिक, सामाजिक अथवा व्यावसायिक कारणों से नियमित विश्वविद्यालयों में पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इग्नू एक वरदान साबित हो रहा है, जहां वे अपनी सुविधानुसार पढ़ाई कर सकते हैं और साथ ही रोजगार, व्यवसाय या अन्य जिम्मेदारियों का निर्वहन भी कर सकते हैं। नयी शिक्षा नीति के अनुसार छात्र-छात्राएं ड्यूअल डिग्री ले सकते हैं अर्थात एक ही सत्र में दो अलग-अलग पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया जा सकता है। जो भी छात्र-छात्राएं किन्हीं अन्य महाविद्यालय या विश्वविद्यालय के नियमित छात्र हूं वह भी इग्नू केंद्र के माध्यम से दूरस्थ शिक्षा से जुड़कर ड्युअल डिग्री के सुअवसर का लाभ ले सकते हैं। इग्नू की सबसे बड़ी विशेषता इसकी लचीली शिक्षा प्रणाली है। यहां विद्यार्थियों को कक्षा में प्रतिदिन उपस्थित रहने की बाध्यता नहीं होती। स्व-अध्ययन सामग्री, ऑनलाइन संसाधन, डिजिटल लाइब्रेरी, ऑडियो-वीडियो व्याख्यान, शैक्षणिक परामर्श सत्र तथा अध्ययन केंद्रों के माध्यम से उन्हें हर प्रकार का सहयोग प्रदान किया जाता है। यही कारण है कि देश के लाखों विद्यार्थी, सरकारी कर्मचारी, निजी क्षेत्र में कार्यरत युवा, गृहिणियां तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी इग्नू को अपनी पहली पसंद बना रहे हैं। कम शुल्क, गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री और समय की स्वतंत्रता के कारण यह शिक्षा प्रणाली आर्थिक रूप से भी अत्यंत लाभकारी मानी जाती है। जुलाई 2026 सत्र में अध्ययन केंद्र पर अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान और संस्कृत जैसे विषयों में स्नातक (ऑनर्स) कार्यक्रमों के साथ - साथ नई शिक्षा नीति (एनईपी) के अंतर्गत चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रमों में भी प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त एम.ए. अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र एवं संस्कृत, एम.कॉम., एम.बी.ए. जैसे लोकप्रिय स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के साथ-साथ डिजिटल मीडिया एवं अनुवाद जैसे रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान देना नहीं बल्कि उन्हें रोजगार, प्रतिस्पर्धा और आधुनिक कार्यक्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना भी है। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान समय में केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि निरंतर सीखने की क्षमता और कौशल विकास भी अत्यंत आवश्यक है।

इग्नू की दूरस्थ शिक्षा प्रणाली विद्यार्थियों को यही

## संक्षिप्त समाचार

### सदर अस्पताल में 3 शय्या वाले डायलेसिस यूनिट का उद्घाटन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर अस्पताल के कैम्पस में गहन चिकित्सा इकाई का सुदृढ़ीकरण करते हुए तथा पाँचो अनुमण्डलीय अस्पताल में 3 शय्या वाले डायलेसिस यूनिट का लोकार्पण माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के द्वारा पटना सिटी के गुरु गोविन्द अस्पताल से किया गया ' जिसका लाइव प्रसारण पूरे बिहार में किया गया। मोतिहारी में इसके लिए सदर अस्पताल में व्यवस्था कराई गई थी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला स्तर से रेफर की संख्या कम करनी है। इसी के आलोक में पूर्व से संचालित 4 शय्या के गहन चिकित्सा इकाई को सुदृढ़ीकरण करते हुए 10 शय्या में विस्तारित किया गया है। उन्होने कहा कि सदर अस्पताल अन्य सुविधाओं को भी गैप एनालिसिस किया जा रहा है, जिसके उपरान्त अन्य सुविधाओं का भी सुदृढ़ीकरण किया जायेगा। इस अवसर पर उपमहापौर डॉ. लाल बाबू गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ. दिलीप कुमार, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल डॉ. एस. एन. सत्यार्थी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, ठाकुर विश्वमोहन, जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी, जिला योजना समन्वयक, भारत भूषण, जिला अनु. एवं मू. पदाधिकारी, मो.अमानुल्लाह सहित गई गणमान्य उपस्थित थे।

### रक्सौल एयरपोर्ट का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा जिला के वरीय अधिकारियों के साथ रक्सौल एयर पोर्ट का स्थलीय भ्रमण कर कार्य प्रगति का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा रक्सौल एयर पोर्ट के लिए शेष बचे भू- अर्जन से संबंधित रैयतों का भुगतान शीघ्र कराने का निर्देश दिया गया। रक्सौल परिसदन में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिनका भुगतान नहीं हुआ है उनका एलपीसी और उनके जमीन से संबंधित अभिलेख एक सप्ताह के अंदर अंचल अधिकारी रक्सौल जिला भू अर्जन कार्यालय को भिजवाएं। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्राप्त अभिलेखों का नियमित समीक्षा करें एवं जल्द से जल्द उसका भुगतान सुनिश्चित करें। अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल को निर्देश दिया गया कि रक्सौल अंचल अधिकारी के साथ रेगुलर समीक्षा करें और बचे हुए रैयतों का अभिलेख जिला भू अर्जन कार्यालय को शीघ्र भिजवाएं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी, अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल, अंचल अधिकारी रक्सौल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बंद पड़ी बाराचकिया चीनी मिल के पुनरुद्धार की पहल



**मोतिहारी/चकिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाराचकिया स्थित बंद पड़ी चीनी मिल के पुनरुद्धार की संभावनाओं का आकलन करने हेतु मंगलवार को मेसर्स निरानी सुगर्स लिमिटेड, बेंगलुरु की तकनीकी टीम ने स्थल का विस्तृत निरीक्षण एवं सर्वेक्षण किया। इस दौरान मिल परिसर की आधारभूत संरचनाओं, उपलब्ध संसाधनों तथा तकनीकी आवश्यकताओं का गहन अवलोकन किया गया। सर्वेक्षण दल में श्रीराम सिंह, ईख पदाधिकारी, मोतिहारी, प्रागेंद्र गर्ग, सहायक निदेशक (ईख विकास), मोतिहारी, अंचल अधिकारी, चकिया तथा सहायक निदेशक (कीट), मोतिहारी सहित विभागीय अधिकारी एवं तकनीकी विशेषज्ञ उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान तकनीकी टीम को बंद पड़ी चीनी मिल से संबंधित आधारभूत जानकारियां, उपलब्ध भूमि, भवन, मशीनरी की वर्तमान स्थिति, परिवहन एवं क्षेत्र में गन्ना उत्पादन की संभावनाओं से अवगत कराया गया। टीम ने मिल परिसर का स्थल निरीक्षण कर आवश्यक तकनीकी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की तथा भविष्य की कार्ययोजना के लिए आवश्यक सूचनाएं संकलित कीं। गौरतलब है कि बाराचकिया चीनी मिल के पुनरुद्धार से क्षेत्र के हजारों गन्ना किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होने की संभावना है। यह सर्वेक्षण मिल के पुनर्जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

### मेगा टिकट जांच अभियान जारी, एक दिन में 3,393 मामले पकड़े गए



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोनपुर मंडल में यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं नियमसम्मत यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने तथा रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेगा टिकट जांच अभियान निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक धीरज कुमार के निर्देशन में सोनपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों जैसे सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, मानसी, खगड़िया, नवगछिया एवं ट्रेनों में विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान में टिकट जांच कर्मियों, रेलवे सुरक्षा बल तथा वाणिज्य विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से सघन जांच की। इस अभियान के दौरान बिना टिकट अनियमित टिकट एवं बिना उचित प्राधिकरण के यात्रा करने वाले 3,393 यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिससे 30,01,980 का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। मालूम हो कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक मंडल द्वारा कुल 2,67,031 मामलों में कार्रवाई करते हुए 19,17,57,846 का रेल राजस्व प्राप्त किया गया है। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे सदैव वैध टिकट के साथ ही यात्रा करें तथा यात्रा के दौरान रेलवे के नियमों का पालन करें। बिना टिकट अथवा अनियमित टिकट के यात्रा करने पर रेलवे अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाती है।

### पात्र परिवारों का राशन कार्ड बनाना सुनिश्चित करें, कोई वंचित न रहे : सदर एसडीएम



**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर एसडीएम नितेश कुमार ने बुधवार को एकमा प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचकर राशन कार्ड निर्माण अभियान की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राशन कार्ड से वंचित सभी पात्र परिवारों की पहचान कर उनका आवेदन शीघ्र प्राप्त किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजना के लाभ से वंचित न रह जाए। सदर एसडीएम श्री कुमार ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए विकास मित्रों की सहायता से महादलित टोलों सहित उन सभी क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जाए, जहां अब तक पात्र लोगों का आवेदन नहीं लिया जा सका है। उन्होंने मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, पंच एवं जिला परिषद सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान को गति देने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम सूची से नहीं छूटना चाहिए। बैठक में बताया गया कि राशन कार्ड के लिए आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, पारिवारिक फोटो सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रपत्र (क) के साथ जमा किए जाएंगे। अधिकारियों ने जानकारी दी कि आवेदन प्राप्त करने के लिए सभी पंचायतों में विशेष टीम गठित की गई है। इस टीम में आवास सहायक, विकास मित्र, पंचायत रोजगार सेवक, पंचायत सचिव तथा पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी शामिल हैं। ये टीमें गांव-गांव जाकर पात्र परिवारों से आवेदन प्राप्त कर रही हैं।समीक्षा बैठक में अंचलाधिकारी रवि शेखर, बीडीओ डॉ अरुण कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अंकित कुमार सहित प्रखंड एवं अंचल के अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

### पांच बेड वाले अपोलो डायलिसिस सेंटर का

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया ऑनलाइन उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अनुमण्डल अस्पताल में अपोलो डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन किया। उन्होंने गुरु गोविंद सिंह सदर हॉस्पिटल पटना सिटी से आन लाइन उद्घाटन किया। यहां पांच बेड है। अर्थात एक ही साथ पांच मरीजों को डायलिसिस सुविधा उपलब्ध हो सकेगा। दुर्भाग्यवश जब लाइव प्रसारण में यह बताया जा रहा था कि मुख्यमंत्री डायलिसिस सेंटरों का उद्घाटन कर रहे हैं तब डायलिसिस कक्ष में अधिकारी मौजूद नहीं थे। बमुश्किल पांच मिनट विलंब से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा पहुंची। जब उद्घाटन हो रहा था तो अनुमंडल अस्पताल के दरवाजे के पास अधिकारी उन्हें रिसीव कर रहे थे। जिला पदाधिकारी और अन्य अधिकारी डायलिसिस सेंटर में पहुंचे। डीएम ने फीता काटकर सेंटर का फिर उद्घाटन किया। इसके बाद अस्पताल के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। सख्त लहजे में कई आवश्यक दिशा निर्देश प्रभारी उपाधीक्षक डॉ शांता कुमारी को दिया। कुछ निर्माण संबंधित मुद्दों पर संबंधित अधिकारियों को उन्होंने निर्देशित किया। डीएम ने अनुमंडल अस्पताल में उपलब्ध सुविधा और संसाधन का जायजा लेते हुए डॉक्टरों की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जितना अधिक संभव होगा वह अनुमंडल अस्पताल को बेहतर बनाने का प्रयास करेंगी।



इस अवसर पर एसडीओ अमित राजन, बीडीओ मो.जफर इमाम, सिविल सर्जन डॉ.कृष्णा प्रसाद, डीपीएम अनवर आलम, डीपीसी नागेंद्र केशरी, प्रभारी उपाधीक्षक डॉ.शांता कुमारी, स्वास्थ्य प्रबंधक ठाकुर चंदन सिंह, डॉ.अमृत कुमार, डॉ.नम्रता प्रिया, डॉ.यति तिवारी व डॉ. स्नेह किरण, प्रधान सहायक विकास कुमार, लेखपाल सुनील कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष दीपक पटेल, भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम पाठक, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि प्रशांत कुमार तांती, पप्पू गुप्ता, उप प्रमुख हसपुरा सत्येंद्र चौधरी एवं अन्य उपस्थित रहे।

# खड़े ट्रेलर में कार ने मारी टक्कर, नवजात समेत पांच घायल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र में बुधवार की अहले सुबह करीब 7 बजे जीटी रोड पर नगमतिया मोड़ के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। दिल्ली से नवजात शिशु का इलाज करा कर लौट रही एक चारपहिया वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रेलर में पीछे से जा टकराई। हादसे में नवजात शिशु समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने सभी की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया रेफर कर दिया। घायलों में नवादा जिले के हुलासगंज निवासी विनय कुमार सिंह के पुत्र रिशु राज, डिहरी के जितेन्द्र सिंह की पत्नी तेशमणी देवी, हुलासगंज के विनय शर्मा, डिहरी निवासी जीतेंद्र सिंह के पुत्र रोहित कुमार सिंह व एक नवजात शामिल है। प्राप्त जानकारी पत्नी तेशमणी देवी के अनुसार नवादा जिले के हुलासगंज और डिहरी के ये लोग एक नवजात शिशु का इलाज कराने दिल्ली गए थे। जन्म के बाद शिशु बीमार हो गया था, जिसे चिकित्सको ने दिल्ली रेफर कर दिया था। इलाज के बाद परिवार एक चारपहिया वाहन से वापस लौट रहा था। इसी दौरान जीटी रोड पर नगमतिया मोड़ के पास चालक को झपकी आ गई और गाड़ी असंतुलित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रेलर में पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## एक नजर

### महिला सुरक्षा और मानव तस्करी पर जागरूकता कार्यक्रम




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** कंचनपुर पुलिस द्वारा थाना परिसर में महिला सुरक्षा, मानव तस्करी एवं बंधुआ मजदूरी के विरुद्ध विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी थानाध्यक्ष सुभाष कुमार ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों को मानव तस्करी की रोकथाम, इसके दुष्परिणाम तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए जागरूक किया। रकचिंता कुमारी ने ₹ऑप्रेसन विधि पालक₹ पुलिस दीदी टिम का गठन के उद्देश्य की जानकारी देते हुए महिलाओं की सुरक्षा, उनके कानूनी अधिकारों तथा किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में बिना डर के पुलिस से संपर्क करने की अपील की। एनजीओ दीप ज्योति कल्याण संस्थान के सीएसडब्लू सरिता कुमारी ने बंधुआ मजदूरी के कारणों, इसके दुष्प्रभावों तथा इससे बचाव एवं सरकारी सहायता योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में एसआई मो. अखराम खान, एएसआई सरयू कुमार तथा संस्थान के जपिल कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। उपस्थित सभी लोगों से महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने, मानव तस्करी एवं बंधुआ मजदूरी जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस एवं संबंधित विभाग को देने की अपील की गई।

### मिठईया गांव स्थित तालाब को जीर्णोद्धार की जरूरत

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के मिठईया गांव के समीप एक प्राचीन तालाब है जिसके किनारे सूर्य मंदिर का निर्माण किया गया है। पंचायत के मुखिया द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट का निर्माण कराया गया है। साथ ही जल संरक्षण का प्रयास जारी है परंतु तालाब की गहराई कम होने के कारण गर्मियों में पानी सूख जाता है। बारिश के मौसम में पानी तो रहता है परंतु सफाई की कमी के कारण तालाब में कई प्रकार के पौधा उग आए हैं। ग्रामीण विवेक सिंह ने बताया कि तालाब का जीणोद्धार करने की जरूरत है। अगर तालाब की गहराई हो जाती है तो जल संचय में काफी हद तक सहूलियत होगी। वहीं तालाब की उचित देखरेख नहीं होने के कारण पशु-पक्षियों को भी पानी नहीं मिल पाता है। ग्रामीणों का मानना है कि जबतक तालाब की उड़ाही नहीं होगी तबतक उसकी गहराई नहीं बढ़ेगी। बता दें वर्ष 2022 में तालाब की उड़ाही और सुंदरीकरण का कार्य किया गया था परंतु यह पर्याप्त नहीं था। ग्रामीणों ने अधिकारियों से तालाब के जीर्णोद्धार करने की मांग की है।

### सीओ का विद्यालय प्रशासक ने किया स्वागत




**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** नवपदस्थापित अंचलाधिकारी सतीश कुमार सिंह को उनके कार्यालय में विवेकानंद ग्रुप ऑफ स्कूल्स की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) मो. जफर इमाम की उपस्थिति में स्कूल के मैनेजर सुनील कुमार एवं शिक्षक लवकेश पांडेय ने उन्हें स्वामी विवेकानंद का मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल के मैनेजर सुनील कुमार ने कहा कि सीओ सतीश कुमार सिंह की प्रशासनिक कार्यशैली और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सराहनीय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में अंचल क्षेत्र में विकास कार्यों और जनसेवा को नई गति मिलेगी।

सम्मान ग्रहण करते हुए अंचलाधिकारी सतीश कुमार सिंह ने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थान समाज के विकास की मजबूत आधारशिला हैं और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर संस्कार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विवेकानंद ग्रुप ऑफ स्कूल्स के शैक्षणिक एवं सामाजिक योगदान की सराहना की।

### सड़क पर गिरी मिट्टी से हो रहा हादसा

**पकरीबरावां।** नवादा- जमुई पथ सहित कई पथों पर मिट्टी के गिरे रहने से हादसे की प्रबल संभावना बनी रहती है। कई बाइकर्स गिर भी चुके हैं। गौरतलब है कि खेतों की जुताई के बाद ट्रैक्टर को बिना धोए सड़क पर लाने से उसमें लगे मिट्टी सड़क पर गिरते हैं।

# कादरी इंटर स्कूल के प्रभारी बदले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** राजकीय कादरी इंटर विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक बदल दिए गए हैं। पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव रंजन ने अपनी निजी समस्याओं एवं अस्वस्थता का हवाला देते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी, औरंगाबाद को आवेदन देकर विद्यालय के प्रभार से मुक्त किए जाने तथा वरीय शिक्षक को प्रभार सौंपने का अनुरोध किया था। जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में विद्यालय के वरीय शिक्षक मो. आबिद हुसैन शम्स ने नए प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में विधिवत विद्यालय का प्रभार ग्रहण कर लिया। प्रभार ग्रहण के दौरान शिक्षकों ने नए प्रभारी प्रधानाध्यापक का स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव रंजन ने मो. आबिद हुसैन शम्स को विद्यालय का दायित्व सौंपते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में विद्यालय शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अनुशासनात्मक क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं कर्मियों ने भी नए प्रभारी प्रधानाध्यापक का स्वागत करते हुए उन्हें पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। शिक्षकों ने कहा कि सामूहिक प्रयास, बेहतर समन्वय और सकारात्मक सोच के साथ विद्यालय के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य किया जाएगा।

### दाउदनगर को डीएम ने दिया दो बड़ी मांग पर आश्वासन

# रास्ते का अंधेरा दूर करने को लगेगी हाई मास्क लाइट

### दाउदनगर में बनेगा पोस्टमार्टम हाउस

नबिटा संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** जिला पदाधिकारी अभिलाष शर्मा ने दाउदनगर को दो बड़ी मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया है। बुधवार को अनुमंडल अस्पताल के निरीक्षण के बाद उन्होंने दो महत्वपूर्ण बातें कही। इस संवाददाता ने उनसे भखरुआं-दाउदनगर बाजार सड़क से दाहिनी तरफ नहर के रास्ते अनुमंडल अस्पताल पहुंचने वाले मार्ग में रोशनी की व्यवस्था करने की मांग की। उन्हें बताया कि अंधेरा रहता है। अस्पताल परिसर में ही नर्सिंग कॉलेज है, जो नहर मार्ग के ठीक किनारे है। अंधेरा रहने के करण अस्पताल कर्मी हो या दूर दराज से आने वाले मरीज, उनको आने जाने में भय लगता है। छिनतई जैसी घटनायें होते रहती हैं। इस पर डीएम अभिलाषा शर्मा ने तुरंत संज्ञान लिया और कहा कि एक महीने के अंदर दो हाई मास्क लाइट लगाए जाएंगे। उन्होंने एसडीएम अमित राजन को भी निर्देशित किया। उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस के लिए जमीन चिन्हित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। ताकि तुरंत यहां पोस्टमॉर्टम हाउस बनाया जा सके। अनुमंडल अस्पताल से जुड़ी ये दोनों प्रमुख मांगे लंबे समय से की जाती रही हैं।

डीएम द्वारा अब आश्वासन दिए जाने के बाद यह लगता है कि शीघ्र ही यह पूरा होगा। विशेष कर लाइट लगाने के मामले पर उन्होंने पूरे आत्मविश्वास से कहा कि एक महीने में लाइट लगवा दूंगी। पोस्टमार्टम हाउस के लिए अगर स्थान का चयन हो जाता है तो वह भी शीघ्र निर्मित होगा। इससे यहां के लोगों को काफी लाभ होगा। अनुमंडल में सड़क दुर्घटनाएं काफी होती हैं। इसके बाद हत्या, आत्महत्या जैसी घटनाएं भी होती हैं। इस तरह की घटनाओं में मौत के बाद पीड़ित परिवार एक तो दुख में रहता है, उसके बावजूद उसे व्यवस्था करके औरंगाबाद पार्थिव शरीर का अन्त्यपरीक्षण कराने ले जाना पड़ता है। जिसमें पुलिस को वाहन उपलब्ध कराने की कभी-कभी मजबूरी देखी गई है। इसलिए अगर जिला पदाधिकारी द्वारा आश्वस्त किए गए इन दोनों मांगों को पूरा कर लिया जाता है तो अनुमंडल अस्पताल में सुविधा और संसाधन तो बढ़ेंगे ही, इलाके के लोगों को भी काफी लाभ होगा।



### कीचड़ भरी सड़क पर फूटा शिक्षकों का गुस्सा

# 10 दिनों में सड़क नहीं बनी तो बंद होगा स्कूल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के पौथू थाना क्षेत्र स्थित बेलहडिया मध्य विद्यालय परिसर में बुधवार शाम भारतीय कर्मचारी संघ के बैनर तले शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक मिथिलेश प्रसाद सिंह ने की, जबकि संचालन पूर्व प्रधानाध्यापक नवल किशोर शर्मा ने किया। बैठक में पौथूझपचरुखिया रोड (बरपा मार्ग) से होकर दूरजन बिगहा, पोखर बिगहा, सीवां और खरौना मध्य विद्यालय तक जाने वाली सड़क की बदहाल स्थिति पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। शिक्षकों ने कहा कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और कीचड़ होने के कारण रोजाना आवागमन बेहद कठिन हो गया है। आए दिन छोटे-छोटे हादसे हो रहे हैं और यदि जल्द मरम्मत नहीं हुई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

प्रधानाध्यापक मिथिलेश प्रसाद सिंह ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 10 दिनों के भीतर सड़क की मरम्मत शुरू नहीं हुई तो विद्यालय में पठन-पाठन पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सड़क बेलहडिया, बाँस बिगहा, सीवां, अंक्षा, बरपा, खरौना, पाठक बिगहा, कुंडवा और चापुक सहित कई गांवों के शिक्षकों एवं आम लोगों के लिए जीवनरेखा है, लेकिन इसकी जर्जर हालत ने सभी को परेशान कर रखा है।

बैठक में शिक्षकों ने एक स्वर में सड़क निर्माण की मांग करते हुए कहा कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

बैठक में पूर्व प्रधानाध्यापक नवल किशोर शर्मा, शिक्षिका दुर्गावती देवी, रौनक फिरदौश, कुमारी लीना, शिक्षक राकेश कुमार, वेंकटेश कुमार, सुनील कुमार, नीरज कुमार, राजेश खन्ना, रविंद्र प्रसाद पोली, अरविंद कुमार सिंह, राकेश रौशन, जितेंद्र कुमार यादव, राम बहादुर सिंह, अशोक कुमार शर्मा, अवधेश कुमार सिंह, नंदकिशोर कुमार, बिरेन्द्र चौधरी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए 200 पौधे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हसपुरा।** प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय सोनबरसा में बुधवार को ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ के तत्वावधान में ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक आलोक कुमार ने की। इस अवसर पर विद्यालय परिसर एवं उसके आसपास लगभग 200 छायादार एवं अन्य प्रजाति के पौधों का पौधारोपण किया गया। विद्यालय में आयोजित विशेष सत्र के दौरान अपने-अपने वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में ईको क्लब के प्रभारी शिक्षक राहुल कुमार एवं हरित शिक्षिका ऋतंभरा भूषण की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर वरीय शिक्षक राजीव रंजन, पप्पू कुमार, रजनी कुमारी, पवन कुमार, पंकज कुमार, दीपक कुमार सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कुटुंबा के वार्ड चार में ठप पड़ी नल-जल योजना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** कुटुंबा प्रखंड के सूही पंचायत के वार्ड सं-चार में पेयजल संकट गंभीर हो गया है। भीषण गर्मी के बीच करीब पिछले एक माह से नल-जल योजना बंद है। ऐसे में ग्रामीणों के सामने पानी की समस्या है। भू-जल स्तर खिसकने से चापाकल और कुआं बेकार हो गया है। गर्मी से बचाव के लिए पानी आवश्यक है। पशुओं को पीने से लेकर स्नान कराने के लिए पानी जरूरत है। अब स्थिति यह है कि ग्रामीण पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकते हैं। सरकार द्वारा हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से वार्ड स्तर पर नल-जल एवं पंप हाउस की व्यवस्था की गई है। पेयजल संकट न हो इसके लिए विशेष योजनाओं चलाई जा रही है। नल-जल योजना ठप रहने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इतना होने के बावजूद भी पीएचइडी विभाग के अधिकारी गांव में देखने तक नहीं जाते हैं।

### अनुपस्थिति विवरणी की गई जमा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** शिक्षकों का जुलाई माह की अनुपस्थिति विवरणी मंगलवार को बीआरसी में जमा की गई। वहीं नियमित शिककों एवं प्रधान शिक्षकों की अनुपस्थिति विवरणी चिन्हित विद्यालय के प्रधानाध्यापक के पास जमा की गई।

### डायन बताकर महिला से मारपीट, चार नामजद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र अंतर्गत बलार पंचायत के एक गांव में 60 वर्षीय महिला को डायन बताकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के आवेदन पर कासमा थाना में चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने बताया है कि 20 जुलाई की शाम करीब 5 बजे गांव की तेतरी देवी, विनय यादव सहित चार लोगों ने उन्हें डायन कहकर गाली-गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि सभी आरोपितों ने उनके साथ दुर्व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।

कासमा थाना अध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है तथा पुलिस द्वारा अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### दुर्घटना से घायल छात्रा की इलाज के दौरान मौत

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र के गंगा बिगहा गांव की 14 वर्षीय छात्रा रत्नशीला कुमारी की सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। वह रमेश प्रसाद की सबसे छोटी पुत्री थी और एक निजी स्कूल में छठी कक्षा में पढ़ती थी। परिजनों के अनुसार, शनिवार सुबह वह साइकिल से दीपनगर बाजार स्थित अपनी बहन के घर जा रही थी। इसी दौरान एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी और करीब 100 मीटर तक घसीटता चला गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

### कौआकोल पीएचसी में ओपीडी सेवा रही बंद, मरीजों को परेशानी

**कौआकोल।** बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ के आह्वान पर बुधवार को कौआकोल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में ओपीडी सेवाएं पूरी तरह बंद रहीं। इसके कारण इलाज कराने पहुंचे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई मरीज बिना उपचार कराए वापस लौट गए, जबकि कुछ को निजी क्लीनिकों का सहारा लेना पड़ा। पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामप्रिय सहगल ने बताया कि बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ के राज्यव्यापी आह्वान के तहत ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार किया गया। यह निर्णय अरवल सदर अस्पताल में सिविल सर्जन के साथ हुई हिंसक घटना एवं दोषियों के विरुद्ध अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के विरोध में लिया गया है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों ने केवल ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार किया,जबकि आपातकालीन (इमरजेंसी) एवं जीवनरक्षक सेवाएं पूर्ववत संचालित होती रहीं,ताकि गंभीर मरीजों के इलाज में किसी प्रकार की बाधा न हो।

**फार्मेट सी -1**

(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु)

**अपराधिक मामलो के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: **रेखा कुमारी**

राजनैतिक दल का नाम: **राष्ट्रिय जनता दल**

निर्वाचन का नाम: बिहार विधानसभा उपचुनाव 2026

*निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 182- बांकीपुर

मै रेखा कुमारी, उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजानिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत के बारे में निम्नलिखित विवरणों कीघोषणा करती हूँ.

(1) लंबित आपराधिक मामले

| क्रम स0. | न्यायलय का नाम | मामले की सं. एवं दिनांक | मामले की स्थिति | सम्बंधित अधिनियमों की धाराए एवं अपराध का संछिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | A.C.J.M. 11, PATNA | G.R.N0. 033607 (दिनांक पता नहीं) | लंबित | Sec.- 308,379,467,468,34 IPC, PROPERTY DISPUTE |

(2) आपराधिक मामलो के लिए दोषसिद्धि के मामले के संबंद में विवरण

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेशो की तारिख | अपराध और अधिरोपित दंड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
|---|---|---|---|
| लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

# चैनपुर स्थित आवासीय बालिका विद्यालयों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

## छात्राओं की समस्याएं सुनकर दिए आवश्यक निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बुधवार को चैनपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय पिछड़ी जाति आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने दोनों विद्यालयों की वार्डन से छात्राओं की उपस्थिति की जानकारी ली तथा भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने निर्देश दिया कि छात्राओं को निर्धारित मीनू के अनुरूप पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा शिक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रहने पाए। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में उपायुक्त ने कक्षा 9 की छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। छात्राओं ने कक्षा में माइक खराब होने तथा एक ही कक्षा में 70 से अधिक छात्राओं के अध्ययन से होने वाली कठिनाइयों की जानकारी देते हुए सेक्शनवार कक्षाएं संचालित करने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को माइक की शीघ्र मरम्मत कराने एवं छात्राओं की संख्या के अनुरूप आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उपायुक्त ने राजकीय पिछड़ी जाति आवासीय बालिका विद्यालय का भी निरीक्षण कर शैक्षणिक, आवासीय एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आवासीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर अध्ययन वातावरण एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को छात्राओं की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित रहे।

## अनाथ बच्चों के साथ उपायुक्त ने मनाया जन्मदिन, बांटी खुशियां

**मेदिनीनगर (पलामू) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बुधवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर मेदिनीनगर स्थित सिंचाई विभाग परिसर के वात्सल्य धाम, संप्रेषण गृह एवं स्टेशन रोड स्थित मिशनरीज ऑफ चैरिटी पहुंचकर अनाथ बच्चों के साथ केक काटा और अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान कई बच्चों ने उपायुक्त को केक खिलाकर उन्हें बर्थडे विश किया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री शेखावत ने बच्चों के बीच मिठाइयां वितरित कीं तथा उनके साथ समय बिताकर अपनी खुशियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि जरूरतमंद और असहाय बच्चों के जीवन में खुशियां लाने का प्रयास करें। उपायुक्त के इस आत्मीय और संवेदनशील पहल से बच्चों के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी तथा पूरा वातावरण स्नेह और अपनत्व से भर गया। लोगों ने उपायुक्त के इस कार्य की सराहना की।

# मादक पदार्थों के साथ एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले में नशे के दुष्प्रभाव को रोकने एवं मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर रोक लगाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने आज भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थों के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। कहलगांव के अनुमंडल पदाधिकारी- (दो) विकास सेतु ने बुधवार को यहां बताया कि जिले के ईशीपुर बाराहाट थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा अपने साथियों के साथ अवैध मादक पदार्थों का संग्रह कर खरीद-बिक्री करने की सूचना पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव के निर्देशानुसार नगर पुलिस अधीक्षक अतुलेश झा की निगरानी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कहलगांव - दो एवं स्थानीय थानाध्यक्ष के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने उक्त क्षेत्र के शीतल नगर इलाके में एक मकान में छापा मारा। उन्होंने बताया कि उक्त मकान की तलाशी के दौरान 129 ग्राम ब्राउन शुगर, 211 किलोग्राम गांजा, 170 पीस कफ सीरप, 1654 पीस नशे की टैबलेट, करीब बीस हजार रुपए नगदी, दो मोबाइल और एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। मौके पर से एक अपराधी को भी गिरफ्तार किया गया है और उसकी पहचान गोपाल कुमार साह के रुप में हुई है। श्री सेतु ने बताया कि पकड़ा गया अपराधी झारखंड के गोड्डा जिले के मेहरमा थाना क्षेत्र के अमजोरा गांव का निवासी है और ईशीपुर बाराहाट क्षेत्र के शीतल नगर इलाके में एक किराये के मकान में रहकर अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री का धंधा करता था। पुलिस उससे कड़ी पूछताछ करते हुए सुसंगत धाराओं में एक प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# कृषि उत्पादन समूह से बढ़ेगी किसानों की आय

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड अंतर्गत महेशवाड़ा पंचायत के नौलखा गांव में प्रदान संस्था के तत्वावधान में कृषि उत्पादन समूह विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक खेती, आधुनिक कृषि तकनीकों एवं समूह आधारित कृषि प्रणाली से जोड़कर उनकी उत्पादकता और आय में वृद्धि करना था।कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक शिवचंद्र कुमार ने किसानों को मौसम के अनुरूप फसल प्रबंधन, उन्नत बीजों का चयन, मिट्टी परीक्षण, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, जल संरक्षण तथा प्राकृतिक एवं टिकाऊ खेती की तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक खेती अपनाकर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कृषि उत्पादन समूह की उपयोगिता बताते हुए कहा कि एक ही क्षेत्र में समान फसल की खेती करने से किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज एवं कृषि सामग्री समय पर उपलब्ध होती है। साथ ही नई तकनीकों का प्रशिक्षण, विशेषज्ञों का मार्गदर्शन और सरकारी योजनाओं का लाभ सभी किसानों तक आसानी से पहुंचता है।

# डीएम ने की पंचायती राज योजनाओं की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में बुधवार को पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत सरकार भवन निर्माण, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, आरटीपीएस, ग्राम कचहरी, वित्त आयोग की योजनाओं, हर घर नल-जल, विवाह मंडप निर्माण और जन-शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की गई।जिले की 217 ग्राम पंचायतों में से 63 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जबकि 92 भवनों पर काम जारी है। शेष पंचायतों में भूमि उपलब्धता और प्राक्कलन की प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी निर्माणाधीन भवनों को समय-सीमा में पूरा करने और बने भवनों में आरटीपीएस केंद्र, बिजली, इंटरनेट, पुस्तकालय, स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत 31,030 के लक्ष्य के विरुद्ध 30,900 लाइटें अधिष्ठापित की जा चुकी हैं, जो 99.58 प्रतिशत है। एजेंसियों को 88.41 प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है। शेष कार्य और भुगतान शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया।आरटीपीएस के तहत 1 अक्टूबर 2024 से 20 जुलाई 2026 तक प्राप्त 1,28,055 आवेदनों में से 1,26,547 का समयबद्ध निष्पादन हुआ। इस उपलब्धि पर बेगूसराय राज्य में छठे स्थान पर है। ग्राम कचहरी द्वारा 555 आपसी बंटवारे के मामलों का निष्पादन और 528 मामलों में ऑनलाइन म्यूटेशन के लिए आवेदन कराया गया।15वें वित्त आयोग और षष्ठम राज्य वित्त आयोग की राशि के समयबद्ध उपयोग, हर घर नल-जल योजना में अनुरक्षक मानदेय के रूप में 64.71 लाख और बिजली बिल में 34.10 लाख के भुगतान, विवाह मंडप के लिए भूमि उपलब्धता और अतिक्रमण हटाने, पर प्राप्त 11 शिकायतों के निपटारे की भी समीक्षा हुई। जुलाई में 20 तारीख तक 230 पंचायतों का निरीक्षण किया गया।बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों और एजेंसियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री आकाश चौधरी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्रीमती पूजा प्रीतम एवं सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी वीसी के माध्यम से उपस्थित थे।

# इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह पर्ल्स का इंस्टॉलेशन समारोह संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** होटल अशोका में इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह पर्ल्स का 6वां इंस्टॉलेशन समारोह गरिमापूर्ण माहौल में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी नीता नारायण ने नई कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में पीडीसी पूनम सहाय समेत रांची और गिरिडीह के विभिन्न इनर व्हील एवं रोटरी क्लबों के पदाधिकारी मौजूद रहे।क्लब की अध्यक्ष प्रीति भास्कर, सचिव नमिता वर्मा, एडिटर मृदुला शर्मा, आईएसओ सृष्टि सिन्हा और कोषाध्यक्ष ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मेघा, सविता चक्रवर्ती, खुशबू कुमारी और प्रिया रघुवंशी को क्लब की नई सदस्यता प्रदान की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ स्मार्ट ड्रीम एकेडमी की छात्रा दान्या रौशन के शिव तांडव नृत्य से हुआ। समारोह के दौरान क्लब ने व्हीलचेयर दान, कॉपी बैंक, महिला स्वास्थ्य एवं मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता तथा सिलाई मशीन वितरण जैसी सेवा परियोजनाओं की शुरुआत की। ग्राम बकोईया की लीलावती देवी को स्वरोजगार के लिए सिलाई मशीन भेंट की गई, जबकि कॉपी बैंक अभियान के तहत बच्चों ने अपनी पुरानी कॉपियां दान कर जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर एम्स में चयनित छात्र आर्य पलक और सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाली छात्रा दान्या रौशन को सम्मानित किया गया। अंत में अध्यक्ष प्रीति भास्कर ने सभी अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए सेवा, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में क्लब के कार्यों को आगे भी जारी रखने का संकल्प दोहराया।



# सामाजिक जिम्मेदारी निभाएं, जमुई को टीबी मुक्त बनाएं : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमुई।** राज्य को टीबी मुक्त बनाने के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से आज बिहार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 'टीबी मुक्त भारत अभियान' की व्यापक समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। इस उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में जमुई के जिला पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन ने भाग लिया तथा जिले में टीबी उन्मूलन की दिशा में अब तक की गई कार्रवाई एवं उपलब्धियों से मुख्य सचिव को अवगत कराया। इस समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने जमुई जिले में टीबी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत चिन्हित मरीजों के समुचित एवं बेहतर इलाज हेतु जिला पदाधिकारी के कुशल नेतृत्व तथा निरंतर प्रयासों की सराहना की और इस गति को आगे और तेज करने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने कि 'टीबी मुक्त बिहार अभियान' की वास्तविक सफलता तभी संभव है जब प्रत्येक चिन्हित मरीज का सही इलाज कर उन्हें पूर्णतः टीबी मुक्त किया जा सके। इस हेतु उन्होंने चिन्हित वल्नरेबल जनसंख्या के अनुरूप शत-प्रतिशत एक्स-रे एवं ट्रूनैट जांच कराने और जांचोपरांत संक्रमित पाए गए मरीजों का तत्काल समुचित इलाज प्रारंभ करने के निर्देश दिए। साथ ही टीबी संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए मरीजों के परिजनों को सुरक्षात्मक प्रिवेंटिव मेडिसिन देने तथा इलाजरत सभी मरीजों को 'निक्षय मित्र' योजना के माध्यम से नियमित रूप से पोषण सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार जमुई जिले में अब तक कुल 1,30,215 लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिनमें से 88,368 लोगों को वल्नरेबल यानी संवेदनशील श्रेणी में चिन्हित किया गया है। यद्यपि जिले में स्क्रीनिंग की प्रगति पर मुख्य सचिव द्वारा संतोष व्यक्त किया गया, फिर भी चिन्हित संवेदनशील आबादी के अनुपात में एक्स-रे एवं ट्रूनैट जांच की गति को और तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

# तिरंगा राष्ट्र की पहचान व भारतीयों का स्वाभिमान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमुई।** राष्ट्रीय ध्वज दिवस के अवसर पर तिरंगा का महत्व विषय पर एक परिचर्चा की गई, जिसकी अध्यक्षता हिंदी के विभागाध्यक्ष सह बर्सर डॉ. गिरधारी लाल लोधी ने की। मुख्य अतिथि के बतौर राजकीय डिग्री महाविद्यालय इस्लामनगर अलीगंज के प्राचार्य डॉ. गौरी शंकर पासवान ने राष्ट्रीय ध्वज यानी तिरंगा के महत्व पर बोलते हुए कहा कि तिरंगा राष्ट्र की पहचान और भारतीयों का स्वाभिमान है। तिरंगा हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यो की भी याद दिलाता है। यह इतिहास की विरासत और भविष्य की आशा है. राष्ट्रीय ध्वज करोड़ों हृदययो को एक सूत्र में बांधता है। तिरंगा का सामान राष्ट्र का सम्मान है। तिरंगा इतिहास की विरासत और भविष्य की आशा है। उन्होंने कहा कि जहां तिरंगा लहराता है वहां भारत का आत्मविश्वास मुस्कुराता है। सुशील कुमार ने कहा कि तिरंगा हमारी आन बान और शान है। हमें राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए क्योंकि राष्ट्रीय ध्वज राष्ट्रीय अस्मिता, संस्कृति और गौरव का प्रतीक है। यह नई पीढ़ियां के लिए आदर्श और संकल्प है। अपने अध्यक्षीय प्रबोधन में डॉ. गिरधारी लाल लोधी ने कहा कि तिरंगा साहस और आशा की प्रेरणा देता है। तिरंगे का रंग हमें कर्तव्य शांति एवं समृद्धि का रास्ता दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि तिरंगे का समान होना चाहिए। मिर्ज़ागंज पूर्व मुखिया सरवन कुमार पासवान ने कहा कि सभी नागरिकों को तिरंगा का सम्मान करना चाहिए। मौके पर सुनील कुमार सहित कई छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे। उन्होंने भी राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने के लिए नागरिकों से अपील की ।

# राहुल गांधी पर कथित हमले के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** राष्ट्रीय स्तर पर राहुल गांधी के नेतृत्व में छात्रों के प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा कथित अमानवीय व्यवहार के विरोध में बुधवार को बेगूसराय जिला कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। विचार मंच के अध्यक्ष राम पदार्थ यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हड़ताली चौक से कचहरी चौक होते हुए कैंटीन चौक तक मार्च कर प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर नारेबाजी की। राम पदार्थ यादव ने कहा कि एक तरफ सरकार छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है, वहीं दूसरी तरफ हक की आवाज उठाने वाले छात्रों पर पाशविक अत्याचार हो रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह, रत्नेश टुल्लू, मोहित सिंह सहित अन्य नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अघोषित आपातकाल चला रही है। हक और न्याय की बात करना अब गुनाह हो गया है। हक और लोकतंत्र को बचाने की इस लड़ाई में कांग्रेस का हर कार्यकर्ता राहुल गांधी के साथ आखिरी सांस तक खड़ा रहेगा। प्रदर्शन में पूर्व प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, अजय चौधरी, शंभू सिंह, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष मो. जफर, लीगल सेल जिलाध्यक्ष संजय सम्राट, कमल सहनी, पवन कुमार, सावर कुमार, कुशमेष कुमार, आर्यन कुमार, संतु कुमार, लालबाबु पासवान, आनंद प्रेम, राजेश साह, रामभरोस यादव, पंकज पासवान, इम्तियाज, मुंशी पासवान, दीपक पोद्दार, नीरज तांती, मो. गालिब सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

# लैंगिक संवेदनशीलता पर महिला जनप्रतिनिधियों की कार्यशाला

## घरेलू हिंसा, बाल विवाह के बारे में दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई/खैरा।** बुधवार को प्रखंड मुख्यालय के सभागार में महिला निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का लैंगिक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ने की। लैंगिक संवेदनशीलता जेंडर लिंग एवं जैविक लिंग में अंतर को समझाया गया साथ ही पंचायत में इसके महत्व के बारे में बताया गया। ग्राम सभा में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी योजनाओं का लाभ महिलाओं पुरुषों बच्चों दिव्यांगों और बुजुर्गों तक समान रूप से पहुंचे, बाल विवाह घरेलू हिंसा लिंग आधारित भेदभाव विरुद्ध जागरूकता फैलाई, लड़कियों की शिक्षा और महिलाओं की सुरक्षा पंचायत की बैठकों में महिलाओं की राय का महत्व के बारे में बताया गया। मुख्य संदेश के रूप में बताया गया कि बेटा-बेटी एक समान है, निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है। वहीं प्रशिक्षण देने आए पिरामल टीम द्वारा स्वास्थ्य विभाग के चल रहे कार्यक्रमों से अवगत कराया गया। जन आरोग्य समिति की बैठक, एमएमडीपी क्लिनिक, संचारी रोग आदि के बारे में बताया गया। अंत में हम अपने पंचायत क्षेत्र में महिलाओं और पुरुषों के साथ समान व्यवहार करेगें किसी भी प्रकार के लैंगिक भेदभाव का समर्थन नहीं करेंगें यह संकल्प के साथ कार्यशाला का समापन हुई। इस बैठक में खैरा व बरहट प्रखंड के सभी महिला मुखिया, पंचायत सचिव, जिला परिषद एव पिरामल फाउण्डेशन से राकेश कुमार, रौशन कुमार एवं निशांत सोनकर उपस्थित थे।

## स्कूलों में फॉर्मल ड्रेस अनिवार्य

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विद्यालयों में शैक्षणिक गरिमा और अनुशासन बनाए रखने के लिए बिहार शिक्षा विभाग ने एक बार फिर सख्ती बरती है। विभाग ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को स्मार-पत्र जारी कर पूर्व के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। शिक्षा विभाग के निदेशक (प्रशासन) द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि पहले ही विद्यालयों में मर्यादित वातावरण रखने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

# लोकतांत्रिक मूल्यों की अनदेखी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बुधवार को केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह ने किया। प्रदर्शन की शुरुआत समाहरणालय के मुख्य द्वार के समीप स्थित अनुग्रह स्मारक परिसर से हुई जो शहर के रमेश चौक पहुंचे और विरोध जताया। यहां कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला लेकर जुलूस की शक्ल में रमेश चौक पहुंचे। वहां पुतला दहन कर विरोध-प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है और लोकतांत्रिक मूल्यों की अनदेखी की जा रही है। पूरे प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए गए और कांग्रेस नेताओं ने अपने विचार रखे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि दिल्ली में पीएम आवास के बाहर धरना दे रहे राहुल गांधी को हटाना लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन है। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह ने कहा कि देश में लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने से लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है, लेकिन सरकार इस पर प्रभावी कार्रवाई करने में विफल रही है। पूर्व विधायक श्री सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का काम कर रही है। आनंद शंकर सिंह ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर पूरे देश में आंदोलन चला रही है और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा, जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र यादव तथा पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने भी सभा को संबोधित किया। नेताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि आम जनता की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है और विभिन्न जनहित के मुद्दों पर सरकार संवेदनशील नहीं है। प्रदर्शन में युवा कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान, उदय पासवान, कुटुंब प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश सिंह, नवीनगर प्रखंड अध्यक्ष विनायक कुमार सिंह, बारुण प्रखंड अध्यक्ष ज्ञानती देवी, नागेंद्र सिंह, अनुज सिंह, नीरज सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, भीम सिंह चौहान, सूरज राय, मजहर अकबर, देव प्रखंड अध्यक्ष रवि सिंह, मनीष सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## कोर्ट में उपस्थित नहीं होने पर जारी वारंट में सात गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अपराध नियंत्रण और फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए गए विशेष छापेमारी अभियान में बारुन पुलिस द्वारा सात वारंटियों को गिरफ्तार किया गया हैं। पकड़े गए वारंटियों में केशव मार्केट भुईया टोली निवासी संतोष चौधरी, टुनटुन चौधरी, सुनील कुमार चौधरी, अरविंद भुईयां, शोले चौधरी, संजय बंगाली उर्फ खोखा एवं बाबू चौधरी उर्फ उपेन्द्र कुमार के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार दोनों वारंटी को मारपीट मामले में न्यायालय में साक्ष्य के तौर पर गवाही देने के लिए उपस्थित होना था। लेकिन न्यायलय के आदेश के बावजूद सभी लगातार अनुपस्थित रहे और फरार चल रहे थे। इसके बाद न्यायालय ने सातों के खिलाफ वारंट जारी कर दिया था। थानाध्यक्ष रंजित कुमार का कहना है कि थाना में अपराध नियंत्रण और बेहतर पुलिसिंग को लेकर लगातार कार्रवाई जारी है।

# चंद्रगढ़ इंटर कॉलेज में 11वीं कक्षा का शुभारंभ, नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के नवीनगर प्रखंड अंतर्गत चंद्रगढ़ स्थित डॉ. गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह, नंदकिशोर नारायण सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज में 11वीं कक्षा के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए नए शैक्षणिक सत्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें नियमित अध्ययन, अनुशासन और अपने जीवन का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के सचिव पंकज कुमार सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ विषयों की गहन समझ विकसित करनी चाहिए। अध्ययन के दौरान किसी भी प्रकार की कठिनाई आने पर वे बिना संकोच शिक्षकों से मार्गदर्शन प्राप्त करें। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित गौरेश्वर नारायण सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार भी उतने ही आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से माता-पिता का सम्मान करने, नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहने तथा अनुशासित जीवन अपनाने का आह्वान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार सिंह सहित गौरेश्वर नारायण सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सहायक आचार्य सुनील सिंह, डॉ. रामसागर एवं डॉ. महेंद्र कुमार यादव ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान कुछ छात्राओं ने भी अपने अनुभव साझा किए और नए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन कंप्यूटर अनुदेशक अमित कुमार सिंह ने किया। उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, अनुशासन व्यवस्था तथा विभिन्न शैक्षणिक सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक ओमप्रकाश सिंह, इसाद अहमद, शुभम सिंह, सुप्रिया सिंह, तनीषा मिश्रा, विकास कुमार सिंह, यशवंत सिंह, सुशील, श्वेता तिवारी सहित सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

## महाराजगंज में गोदाम सील

**अंबा (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** किसानों को नकली एवं अवैध उर्वरकों की बिक्री से बचाने के लिए कृषि विभाग ने बुधवार को कुटुंबा प्रखंड के महाराजगंज में बड़ी कार्रवाई की। जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज के नेतृत्व में छापेमारी कर एक उर्वरक दुकान व गोदाम को सील कर दिया गया। टीम ने मौके से 51 बोरा सिंगल सुपर फॉस्फ़ेट (एसएसपी) तथा 6 बॉक्स नैनो यूरिया जब्त किया। जब्त उर्वरकों के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

# विधानसभा परिसर में हुई घटनाओं पर अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने जताई चिंता, लोकतांत्रिक मर्यादा बनाए रखने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा परिसर के आसपास हुई घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को अपनी बात शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से रखने का अधिकार है, लेकिन विरोध के नाम पर जनप्रतिनिधियों का घेराव, उनके साथ अभद्र व्यवहार, सरकारी एवं निजी वाहनों में तोड़फोड़ तथा विधायकों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली घटनाएं किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं। अध्यक्ष ने कहा कि बिहार विधानसभा लोकतंत्र का सर्वोच्च विधायी मंच है जहां जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधि प्रदेश के विकास, जनहित और नीतिगत विषयों पर विचार-विमर्श करने आते हैं। ऐसे में सदन की कार्यवाही को प्रभावित करने, विधायकों को रोकने, उनके साथ अभद्रता करने, वाहनों में तोड़फोड़ करने अथवा जनप्रतिनिधियों को भय और दबाव के माहौल में कार्य करने के लिए विवश करने का कोई भी प्रयास लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि छात्रों और युवाओं की समस्याएं महत्वपूर्ण हैं तथा उनका समाधान संवैधानिक और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने सभी छात्र संगठनों और प्रदर्शनकारियों से संयम बरतने तथा कानून के दायरे में रहकर अपनी बात रखने की अपील की। उन्होंने प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही भविष्य में बिहार विधानसभा की सुरक्षा, सदस्यों की गरिमा और विधानसभा परिसर की पवित्रता बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी राजनीतिक दलों से भी लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय मर्यादाओं और संवाद की परंपरा को मजबूत करने में सकारात्मक सहयोग देने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बिहार की जनता, छात्र-युवा, जनप्रतिनिधि और सभी राजनीतिक दल लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएंगे।

## बिहार विधानसभा अध्यक्ष की अपील: 'खेत बचाओ अभियान' से जुड़ें, जैविक खेती को दें बढ़ावा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अष्टादश बिहार विधानसभा के तृतीय सत्र के दौरान सदन के सभी सदस्यों से प्रधानमंत्री द्वारा 1 जून 2026 से शुरू किए गए 'खेत बचाओ अभियान' में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने राज्य सरकार की जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की पहल में भी योगदान देने का आह्वान किया। सदन में सदस्य कुमार सर्वजीत की ध्यानाकर्षण सूचना पर कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा जैविक खेती अपनाने के संबंध में दिए गए वक्तव्य के बाद अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती को व्यापक स्तर पर अपनाना समय की आवश्यकता है। इसी दौरान सदस्य मंजीत कुमार सिंह, माधव आनंद एवं अन्य 13 विधायकों द्वारा गोपालगंज स्थित बंद पड़े सासामुसा चीनी मिल को पुनः चालू कराने तथा गन्ना किसानों एवं कर्मचारियों के बकाया भुगतान से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना पर भी सदन में चर्चा हुई। इस पर गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने सरकार की ओर से अपना वक्तव्य रखा। वक्तव्य के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गन्ना उद्योग मंत्री को निर्देश दिया कि ध्यानाकर्षण सूचना पर चर्चा के दौरान उठाए गए सभी मुद्दों पर एक सप्ताह के भीतर संबंधित विधायकों एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक बुलाकर बिदुवार समीक्षा की जाए तथा सभी समस्याओं के समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों और कर्मचारियों से जुड़े मामलों का समयबद्ध समाधान सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

### बिहार पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक की संयुक्त पहल

## साइबर जागरूकता को मिलेगा नया आयाम, 'साइबर सिक्योर बिहार' अभियान का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक की संयुक्त पहल 'साइबर सिक्योर बिहार' का शुभारंभ भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय (एलएचओ), पटना में आयोजित एक गरिमामय समारोह में किया गया। इस अभियान का उद्देश्य इंटेनेक्स्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से राज्यभर में से साइबर सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा नागरिकों को सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में कुंदन कृष्णन, आईपीएस, पुलिस महानिदेशक (विशेष शाखा), बिहार रंजीत कुमार मिश्रा, आईपीएस, पुलिस महानिरीक्षक, साइबर क्राइम एवं सिक्योरिटी यूनिट, बिहार पुलिस तथा अनुराग जोशी, मुख्य




महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने संबोधन में कुंदन कृष्णन, आईपीएस ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों की रोकथाम का सबसे प्रभावी माध्यम जागरूकता है। यदि प्रत्येक नागरिक सतर्क, जागरूक एवं जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार अपनाए तो अधिकांश साइबर अपराधों को रोका जा सकता है। रंजीत कुमार मिश्रा, आईपीएस ने कहा कि साइबर अपराधी लोगों की अनभिज्ञता और जल्दबाजी का लाभ उठाते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी परिस्थिति में ओटीपी, बैंकिंग विवरण अथवा व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें, संदिग्ध लिंक एवं क्यूआर कोड से सावधान रहें तथा किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। अनुराग जोशी, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल ने कहा कि सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देना भारतीय स्टेट बैंक की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस एवं इंटेनेक्स्ट सॉल्यूशंस के साथ यह संयुक्त अभियान ग्राहकों एवं आम नागरिकों में डिजिटल सुरक्षा के प्रति विश्वास और जागरूकता को और सुदृढ़ करेगा।

## चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान क्रांतिकारी, अदम्य साहस और वीरता के प्रतीक आत्मबलिदानी चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें कोटिशः नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी थे जिनके जीवन का प्रत्येक क्षण शौर्य, साहस और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत था। उन्होंने अपने अद्वितीय साहस और बलिदान से देश की स्वतंत्रता की लड़ाई को नई ऊर्जा प्रदान की। उनका जीवन और संघर्ष आज भी देशवासियों, विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि मां भारती के इस वीर सपूत के बलिदान से देश का कण-कण आज भी गौरवान्वित है। उनका अमर बलिदान हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्र की स्वतंत्रता, एकता और अखंडता सर्वोपरि है तथा इसकी रक्षा के लिए हर नागरिक को सदैव तत्पर रहना चाहिए। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उन्होंने 'आजाद ही जिएंगे, आजाद ही मरेंगे' के अपने संकल्प को अंतिम क्षण तक निभाया और स्वयं को मां भारती के चरणों में समर्पित कर दिया। उनका त्याग, साहस और राष्ट्रप्रेम भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के स्वर्णिम अध्याय का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद की वीरगाथा और राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट निष्ठा सदैव भावी पीढ़ियों को देशभक्ति, त्याग और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी। उनके आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने स्वतंत्रता संग्राम के दौर में थे।

## पटना में भाजपा का विरोध-प्रदर्शन, कांग्रेस पर हमले का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास के घेराव के प्रयास के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन के तहत बुधवार को पटना में कांग्रेस कार्यालय, सदाकत आश्रम के घेराव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता शांतिपूर्ण जुलूस के साथ सदाकत आश्रम की ओर बढ़ रहे थे। विज्ञप्ति में आरोप लगाया गया है कि कांग्रेस कार्यालय पहुंचने से पहले कांग्रेस के बिहार प्रभारी अनबरू हक के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं पर ईंट-पत्थरों एवं अन्य माध्यमों से हमला किया गया जिसमें दर्जनों कार्यकर्ता घायल हो गए। घायलों का इलाज कुर्जी अस्पताल में कराया जा रहा है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने



घटना की निंदा करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज करा रहे थे, लेकिन उन पर अचानक हमला किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह हमला केवल भाजपा कार्यकर्ताओं पर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान प्रदत्त शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार पर भी हमला है। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कांग्रेस पर देश में अराजकता का माहौल बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक और राजनीतिक दल को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होंने लोगों से ऐसे प्रयासों के प्रति सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस को लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सम्मान करना चाहिए और हिंसा की राजनीति से दूर रहना चाहिए। विरोध-प्रदर्शन के बाद प्रमोद सिंह चंद्रवंशी कुर्जी अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने घायल भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## मॉडल स्कूलों से गढ़ रहा बिहार अपने भविष्य के नायक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पटना की रहने वाली अमीषा राज प्राइवेट स्कूल से नाम कटवाकर बिहार के मॉडल स्कूल में नामांकन करवाई है। नवी कक्षा में पढ़ने वाली अमीषा बताती है कि प्राइवेट स्कूल से बेहतर सुविधा हमारे मॉडल स्कूल में मिल रही है। लाइव क्लासेस, बायो लैब और फिजिक्स लैब काफी बेहतर। हमें हमारे स्कूल पर गर्व है। 'एक स्कूल बेहतर छात्र का निर्माण करता है। एक बेहतर छात्र एक राज्य का निर्माण करता है और एक बेहतर राज्य एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण करता है।' इसी संकल्प के साथ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की जन्मभूमि बेगूसराय से बिहार के छात्रों के लिए सुविधाओं से लैस 551 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) की बड़ी सौगात दी है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि 'बिहार की पहचान हमेशा ज्ञान और शिक्षा की भूमि के रूप में रही है और सरकार उसी गौरव को फिर से स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है। हमारा लक्ष्य है कि आने वाले एक वर्ष में सरकार ऐसा माहौल तैयार करना चाहती है कि डीएम, सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि भी अपने बच्चों का नाम सरकारी स्कूलों में लिखवाने के लिए प्रेरित हों।' सेंटर फॉर मॉडल स्कूल्स के प्रबंध भागीदार और इक्विटी-बेस्ड लीडरशिप पुस्तक के लेखक डॉ. जोशुआ पी. स्टार का भी मानना है कि सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित, सहयोगी और समान शिक्षा देने वाले स्कूलों में उच्च स्तर की पढ़ाई का अवसर मिलना चाहिए।

## ए. एन. कॉलेज, पटना में बी.एड. इंडक्शन मीट का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** ए. एन. कॉलेज, पटना के बी.एड. विभाग में सत्र 26-28 में नव नामांकित विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन के उद्देश्य से इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं स्वागत भाषण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की चीफ प्रोक्टर डॉ. वंदना कुमारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि समाज का मार्गदर्शक और चरित्र निमार्ता होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, नियमित उपस्थिति, नैतिक मूल्यों तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। महाविद्यालय के बर्सर डॉ. अभिषेक दत्ता ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय के सभी गतिविधियों में भाग लेने की सलाह दी। बी.एड. विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम, शैक्षणिक गतिविधियों, प्रायोगिक कार्य, इंटर्नशिप, पुस्तकालय, आंतरिक मूल्यांकन, विश्वविद्यालय के नियमों तथा महाविद्यालय की विभिन्न सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही रैगिंग निषेध, समय प्रबंधन और व्यक्तित्व विकास पर भी उपयोगी सुझाव दिए गए। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों ने अपना परिचय दिया। विभागीय शिक्षक राजेश कुमार के संयोजन में द्वितीय वर्ष के छात्रों ने स्वागतगान और राष्ट्रगान का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन महिमा, नवनीत ने किया।

## बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करें शिक्षक और अभिभावक: मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** प्रदेश के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में 25 जुलाई को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष संगोष्ठी की थीम 'समावेशी शिक्षाः हमारा हर बच्चा महत्वपूर्ण' तय की गई है। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों और समुदाय के बीच समावेशी शिक्षा की अवधारणा को मजबूत बनाना और हर बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए साझी जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने निर्देश दिया है कि संगोष्ठी के जरिये अभिभावक और शिक्षक बच्चों के लिए ऐसा अनुकूल वातावरण तैयार करें जहां हर बच्चा सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास के साथ सीख सके। संगोष्ठी के दौरान विद्यालयों में वर्गवार बैठकें आयोजित की जाएंगी जिनमें अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, नियमित उपस्थिति, स्वास्थ्य एवं पोषण, घर पर अध्ययन का वातावरण तथा सीखने में सहयोग जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा और उनके प्रति संवेदनशील व्यवहार पर भी संवाद किया जाएगा।

## डिजिटल युग में भी रेडियो की प्रासंगिकता कायम : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राष्ट्रीय प्रसारण दिवस के अवसर पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि रेडियो आज भी डिजिटल युग में अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि रेडियो का प्रसारण केवल समाचार और मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी सूत्रधार भी है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि चाहे आपदा की घड़ी हो या किसी उत्सव का अवसर, प्रसारण माध्यम हर समय जनता के साथ खड़ा रहता है। सूचना, शिक्षा और जनजागरूकता के प्रसार में रेडियो की भूमिका आज भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बदलती तकनीक और डिजिटल माध्यमों के विस्तार के बावजूद रेडियो की विश्वसनीयता और व्यापक पहुंच उसे विशेष बनाती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रसारण दिवस भारतीय रेडियो के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। इसी दिन वर्ष 1927 में भारत में पहली बार रेडियो प्रसारण की शुरुआत हुई थी। इसका आरंभ बॉम्बे, जिसे अब मुंबई के नाम से जाना जाता है, से इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी द्वारा किया गया था। बाद में इस संस्था का विलय ऑल इंडिया रेडियो में हुआ जिसे आकाशवाणी के नाम से भी जाना जाता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय प्रसारण दिवस केवल रेडियो के इतिहास का स्मरण कराने का अवसर नहीं है, बल्कि यह मीडिया की स्वतंत्रता, जनजागरूकता और देश की सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण एवं प्रसार के महत्व को भी रेखांकित करता है।

## जनसुराज के चुनाव अभियान समिति के संयोजक सुधीर शर्मा ने थामा 'कमल' का दामन

### मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विभिन्न दलों के नेताओं का पार्टी में किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में जनसुराज, कांग्रेस सहित विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी नवागंतुकों को पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और विश्वास व्यक्त किया कि उनके जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। सदस्यता ग्रहण करने वालों में जनसुराज चुनाव अभियान समिति के संयोजक सुधीर शर्मा, कांग्रेस के पूर्व विधान पार्षद विनोद सिंह, कांग्रेस के पूर्व एमएलसी प्रत्याशी सुशांत कुमार



सिंह, शिक्षाविद एवं समाजसेवी जितेश्वर सिंह के साथ जनसुराज के सनी गुप्ता, रविशंकर राय, अभिषेक राय, कौशल राय, नीरज शंकर, कुमार रवि और डॉ. विकास सिंह सहित बड़ी संख्या में नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि सुधीर शर्मा का भाजपा परिवार में आना अत्यंत खुशी का विषय है। उन्होंने कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों, राष्ट्रहित के प्रति समर्पित नेतृत्व और केंद्र व बिहार की एनडीए सरकार के विकास कार्यों से प्रभावित होकर समाज के सभी वर्गों के लोग लगातार भाजपा से जुड़ रहे हैं।

## चार महिला खिलाड़ियों ने कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए किया क्वालिफाई

### एक्सिस बैंक और आईआईएस ने भारत में जूडो टैलेंट को निखारा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** एक्सिस बैंक और देश के बेहतरीन ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स की साझेदारी रंग ला रही है। एक्सिस बैंक जूडो डेवलपमेंट प्रोग्राम के जरिए दोनों संस्थान मिलकर भारतीय खिलाड़ियों की प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय सफलता में बदल रहे हैं। जमीनी स्तर से लेकर हाई-परफॉर्मेंस तक 500 से अधिक एथलीटों की मदद करने के बाद इस कार्यक्रम ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भारत की 4 महिला जूडो खिलाड़ियों ने ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए क्वॉलिफाई कर लिया है। 57 किग्रा भार वर्ग की मध्य प्रदेश की यामिनी मौर्या, 63 किग्रा भार वर्ग की उत्तराखंड की उन्नति शर्मा, 78 किग्रा भार वर्ग की पंजाब की इशरूप नारंग और 70 किग्रा भार वर्ग की मणिपुर की तखेलंबम इनुंगनबी ने भारत की कॉमनवेल्थ खेलों की टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया है।

## पटना में कांग्रेस और बीजेपी नेताओं में हिंसक झड़प,कई नेताओं के सिर फटे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पटना में बुधवार को कांग्रेस और बीजेपी नेताओं के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। बीजेपी नेता कांग्रेस ऑफिस के सामने प्रदर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान दोनों ओर से डंडे चले, पत्थर चलाए गए। पुलिस इस दौरान चुपचाप खड़ी नजर आई। इस बीच बिहार धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन भी बाल बाल बचे। बीजेपी नेताओं का आरोप है कि कांग्रेस नेता पहले से पत्थर और डंडे लेकर मारपीट के लिए तैयार बैठे थे। दोनों पार्टियों के बीच मारपीट के दौरान शुरूआत में पुलिस चुपचाप खड़ी नजर आई। इसके बाद मामला बढ़ने पर पुलिस ने एक्शन लिया। बीजेपी का कहना है कि राहुल गांधी ने दुर्भावनापूर्ण



मंशा के साथ पीएम आवास के सामने धरना प्रदर्शन कर हंगामा किया। कांग्रेस की ओर से देश के प्रधानमंत्री की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की गई। भाजपा ने कहा है कि गंभीर खतरे में डालने की कांग्रेस की प्रवृत्ति रही है। कांग्रेस राजनीतिक विरोधियों के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन करने जैसी निंदनीय परंपरा को बढ़ावा दे रही। नालंदा कांग्रेस कमेटी की ओर से केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की। नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं की आवाज दबाना चाहती है। औरंगाबाद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शहर के रमेश चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए- हिटलर शाही नहीं चली, मोदी की तानाशाही भी नहीं चलेगी। मुजफ्फरपुर में राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन जारी है।

## खेत बचाओ अभियान से मिट्टी, जल और खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ कर रही है बिहार सरकार : विजय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधान सभा में कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राजद के विधायक कुमार सर्वजीत के ध्यानाकर्षण सूचना पर उत्तर देते हुए आज सदन को आश्वस्त किया कि दूषित जल से सिंचित सब्जियों तथा रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अनियंत्रित उपयोग से उत्पन्न खतरों के प्रति राज्य सरकार पूर्णतः सजग है। इस दिशा में केंद्र तथा राज्य, दोनों स्तरों पर ठोस, दूरदर्शी एवं दीर्घकालिक कदम उठाए जा रहे हैं। मंत्री श्री सिन्हा ने बताया कि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के नेतृत्व में देश के सभी राज्यों



के कृषि मंत्रियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ इस विषय पर निरंतर समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इसी उद्देश्य से 1 जून, 2026 से खेत बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य राज्य की कृषि भूमि, जल स्रोत तथा खाद्य पदार्थों को रासायनिक दुष्प्रभावों से मुक्त रखते हुए आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ एवं सुरक्षित मृदा उपलब्ध कराना है।

## मोदी जी परीक्षा पर चर्चा करते हैं लेकिन पेपर लीक पर चर्चा से भागते हैं : रागिनी नायक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** संसद मार्च भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक महत्वपूर्ण क्षण है। देशभर से हजारों छात्र-युवा शांतिपूर्वक इस उम्मीद के साथ दिल्ली पहुंचे कि सरकार उनकी बात सुनेगी, उनकी समस्याओं पर संवाद करेगी और उनके न्यायसंगत मांगों का समाधान करेगी, लेकिन संवाद के बजाय उन्हें पुलिस बल का सामना करना पड़ा। छात्रों पर लाठी चार्ज किया गया, महिला छात्रों के कपड़े फाड़े गए, अनेक छात्र घायल हुए और छात्राओं के साथ डराने-धमकाने तथा उत्पीड़न की घटनाएं सामने आईं। राहुल गांधी कांग्रेस



सांसदों के साथ प्रदर्शनकारी छात्रों की मांगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष रखने और उनसे मुलाकात करने के लिए प्रधानमंत्री आवास की ओर मार्च कर रहे थे। लेकिन उनकी बात सुनने के बजाय राहुल गांधी और विपक्षी सांसदों को रोककर हिरासत में ले लिया गया। हम राहुल गांधी और कांग्रेस सांसदों पर हुए हमले तथा उनकी हिरासत की कड़ी निंदा करते हैं। यह लोकतांत्रिक अधिकारों और शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार पर सीधा हमला है। मोदी सरकार के विरोध और प्रदर्शनकारी छात्रों के समर्थन में शाम को मशाल जुलूस आयोजित किया जाएगा। छात्र कोई अनुचित मांग नहीं कर रहे हैं। उनकी मांग केवल इतनी है कि परीक्षाएं निष्पक्ष और पारदर्शी हों, उनका भविष्य सुरक्षित हो, पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को कड़ी सजा मिले जब सरकार ने संवाद के बजाय दमन का रास्ता चुना, तब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी स्वयं प्रधानमंत्री आवास की ओर मार्च करते हुए यह मांग करने पहुंचे कि प्रधानमंत्री छात्रों से मिलें, उनकी बातें सुनें और देश के युवाओं को जवाब दें। इसी पृष्ठभूमि में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने राष्ट्रव्यापी 'छात्रों की गूंज' अभियान को और तेज किया है। यह अभियान उन करोड़ों छात्रों की आवाज को बुलंद करने का आंदोलन है, जो पेपर लीक, परीक्षा अनियमितताओं, भर्ती में देरी, बेरोजगारी और सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था के लगातार कमजोर होने से प्रभावित हुए हैं।

## 'बाजार ने लूटा, घर ने तोड़ा' डॉ. आनंद रंजन झा की नई मार्मिक कविता ने रिश्तों के दर्द को दी आवाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** प्रख्यात शिक्षाविद, साहित्यकार एवं समाजसेवी डॉ. आनंद रंजन झा की नवीन मार्मिक कविता 'बाजार ने लूटा, घर ने तोड़ा' सामाजिक जीवन की उन सच्चाइयों को उजागर करती है जिनसे आज अनेक लोग गुजर रहे हैं। यह कविता केवल आर्थिक नुकसान की नहीं, बल्कि टूटते विश्वास, बिखरते रिश्तों, पारिवारिक कलह और मानसिक पीड़ा की गहन अनुभूति को शब्द देती है। डॉ. झा का मानना है कि जीवन में बाहर के लोग यदि नुकसान पहुंचाएं तो



उसका दर्द सहा जा सकता है, लेकिन जब अपने ही विश्वास तोड़ दें और घर का वातावरण तानों व कटुता से भर जाए, तब व्यक्ति भीतर से पूरी तरह टूट जाता है। उनकी यह कविता इन्हीं भावनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति है।

# टीबी स्क्रीनिंग अभियान में औरंगाबाद प्रदेश में अव्वल

## लक्ष्य से लगभग छह गुना अधिक उपलब्धि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में बताया गया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी स्क्रीनिंग अभियान में औरंगाबाद जिले ने पूरे बिहार में अव्वल स्थान प्राप्त करते हुए एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले में अब तक लगभग 3.5 लाख लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जो निर्धारित लक्ष्य का लगभग छह गुना है। मुख्य सचिव ने औरंगाबाद जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे अन्य जिलों के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के प्रयासों की प्रशंसा की तथा इस गति को आगे भी बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के सतत मार्गदर्शन एवं स्वास्थ्य विभाग की सक्रिय कार्यशैली के परिणामस्वरूप जिले में टीबी स्क्रीनिंग अभियान को व्यापक जनसहभागिता के साथ संचालित किया जा रहा है। आशा, एएनएम, स्वास्थ्यकर्मियों तथा अन्य संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से घर-घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान एवं स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जा रही है। जिले में स्क्रीनिंग के साथ-साथ चिह्नित टीबी मरीजों को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत योजना के अंतर्गत पोषण किट भी उपलब्ध कराई जा रही है। इन किटों में प्रोटीन युक्त खाद्य सामग्री जैसे सोया चंक्स, चना दाल, मूंगफली, मिल्क पाउडर के साथ आटा एवं खाद्य तेल भी शामिल हैं, जिससे मरीजों के उपचार के दौरान उनके पोषण स्तर को बेहतर बनाया जा सके। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय से खांसी, लगातार बुखार, वजन में कमी अथवा अन्य टीबी से संबंधित लक्षण हों, तो वे निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क जांच अवश्य कराएं। समय पर पहचान और उपचार से टीबी को पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है तथा टीबी मुक्त औरंगाबाद एवं टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त किया जा सकता है। बैठक में सिविल सर्जन औरंगाबाद, डीपीएम स्वास्थ्य, जिला जन संपर्क पदाधिकारी औरंगाबाद उपस्थित थे।



### टीबी मरीजों के बेहतर उपचार में औरंगाबाद की मुख्य सचिव ने की सराहना

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत समीक्षा बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आहूत की गई। अभियान के अंतर्गत औरंगाबाद जिले ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए डिफरेंशियल टीबी पेशेंट असेसमेंट तथा एलएफटी-केएफटी जांच में पूरे बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्य सचिव अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान औरंगाबाद जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन की विशेष रूप से सराहना की गई।

## हत्या सहित अन्य मामले में 39 गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में मंगलवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 39 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 24 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, हत्या के शीर्ष में 4, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 5 तथा अन्य मामलों में 30 लोगों की गिरफ्तारी की गई। एक ट्रैक्टर जब्त किया गया है। 139 लीटर देसी शराब एवं एक बाइक जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1021 वाहनों की जांच की गई जिसमें 38000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 19 वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस पदाधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## साक्ष्य आधारित निर्णय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और सुदृढ़ बनाने पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के योजना एवं विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आंकड़ा समन्वय एवं मानकीकरण संबंधी समीक्षा हेतु वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) सहित विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा आंकड़ों के संग्रहण की अलग-अलग पद्धतियों के कारण एक विभाग के आंकड़ों का दूसरे विभाग द्वारा प्रभावी उपयोग करने में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साक्ष्य आधारित निर्णय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विभागीय आंकड़ों के समन्वय, मानकीकरण तथा गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन पर विशेष बल दिया गया। इस दौरान प्रमुख आंकड़ों की समेकित सूची तैयार करने, विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने, आंकड़ों का चरणबद्ध डिजिटलीकरण एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणाली के माध्यम से विश्लेषण की दिशा में कार्य करने, साथ ही विभिन्न विभागों के डाटा का वर्गीकरण, मानकीकरण एवं गुणवत्तापूर्ण संधारण सुनिश्चित करने की रणनीति पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में भविष्य में एकीकृत एवं विश्वसनीय आंकड़ा प्रणाली विकसित करने के लिए आवश्यक कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई।

## एसपी ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के द्वारा आयोजित जनता दरबार में बुधवार को आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं और शिकायतों के निराकरण हेतु पहुंचे। जनता दरबार में पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों की बातों को बेहद गंभीरता और ध्यानपूर्वक सुना। प्राप्त आवेदनों के त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निष्पादन के लिए उन्होंने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, सभी मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने की हिदायत दी। पुलिस अधीक्षक ने जनता दरबार में आए मामलों में से करीब एक दर्जन शिकायतों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया। वहीं, शेष मामलों को संबंधित थानाध्यक्षों एवं पुलिस पदाधिकारियों को सौंपते हुए जल्द से जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आम जनता की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आमजन एवं पुलिस प्रशासन के बीच संवाद को सुदृढ़ करना तथा उनकी समस्याओं का शीघ्र एवं न्यायोचित समाधान सुनिश्चित करना है। पुलिस प्रशासन जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।

## जन सुनवाई में लापरवाही के खिलाफ होगी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने एसडीपीओ, डीएसपी एवं सीआई के साथ समीक्षा बैठक की गई जिसमें 300 दिनों से अधिक लंबित कांडों, हत्या, उत्पाद एवं मद्य निषेध अधिनियम के मामलों, स्पीडी ट्रायल, सम्मन-वारंट के निष्पादन, मई-जून के अंतिम प्रपत्रों, थानावार गिरफ्तारियों, मालखाना के भौतिक सत्यापन और एफएसएल भेजे जाने वाले लंबित नमूनों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों को सुनने में लापरवाही या भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अच्छा काम करने वालों को इनाम मिलेगा, लेकिन ढिलाई बरतने वाले



अधिकारियों पर सख्त विभागीय कार्रवाई होगी। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि संगठित अपराधियों की गतिविधियों को किसी भी हाल में पनपने न दिया जाए और उन पर लगातार पैनी नजर रखी जाए। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चिंता व्यक्त की है। ड्रग्स के नेटवर्क को जड़ से तोड़ने के लिए थाना प्रभारियों को त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने का आदेश दिया। इसके साथ ही, सक्रिय अपराधियों की निगरानी बढ़ाने और कोर्ट में लंबित मामलों का तेजी से निपटारा करने को कहा गया है। बैठक में विधि-व्यवस्था की समीक्षा के दौरान दाउदनगर एसडीपीओ अशोक दास, सदर एसडीपीओ, मदनपुर एसडीओपी आदित्य कुमार, नवीनगर सीआई सूरज कुमार, टाउन सीआई फहीम आजाद खान सहित अन्य मौजूद रहे।

## पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में धान की रोपणी का सीजन शुरू होते ही किसानों के सामने खाद की किल्लत की समस्या खड़ी हो गई है। इसी को लेकर दी औरंगाबाद सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बिहार सरकार के कृषि मंत्री को पत्र लिखकर जिले में पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद जिले में धान की खेती बड़े पैमाने पर होती है और यहां के अधिकांश लोग कृषि पर ही निर्भर हैं। अभी तक जिले में सिर्फ लगभग 25 प्रतिशत ही धान की रोपनी हो पाई है, लेकिन इसी शुरुआती दौर में ही डीएपी और यूरिया खाद की किल्लत शुरू हो गई है। संतोष कुमार सिंह ने पत्र में



लिखा कि खाद नहीं मिलने के कारण किसान उर्वरक के लिए दर-दर भटक रहे हैं। ऐसी स्थिति में धान की रोपनी प्रभावित हो रही है। उन्होंने अनुरोध किया कि किसानों को समय पर खाद मिल सके, इसके लिए जिले में प्रचुर मात्रा में डीएपी और यूरिया की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। पत्र की प्रतिलिपि जिला कृषि पदाधिकारी, जिलाधिकारी औरंगाबाद एवं सचिव कृषि विभाग बिहार को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


